माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 96, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 14

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायण प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

MONTE CARLO
LAST 7 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, स्लिक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
पशमीना शॉल,
स्टाल एण्ड कम्बल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।





संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

## गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

**मुरादाबाद।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

## समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

## गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

## मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

# खनौरी सीमा पर झड़प में 1 किसान की गई जान, 12 पुलिसकर्मी घायल

## केंद्र सरकार ने एमएसपी को लेकर आंदोलित किसानों को एक और वार्ता के लिए बुलाया

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।



शंभू सीमा पर आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए भागते प्रदर्शनकारी किसान।

### समाधान तलाशने को तीन सदस्यीय समिति का गठन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए बुधवार को तीन अधिकारियों की समिति का गठन किया है। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में यह समिति गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याएं सुनेगी। उनसे बातचीत कर समाधान से जुड़े सुझाव राज्य सरकार को देगी। शासन के आदेश में कहा गया है कि समिति अधिकतम तीन महीने में रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष होंगे। मेरठ के मंडलायुक्त और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी इस समिति के सदस्य होंगे। आदेश में कहा गया है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस समिति का पूरा सहयोग करेंगे।

### किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

# बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मी से तीन लाख लूटे

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी (शाहजहांपुर)

- बाइक सवार दो बदमाशों ने की वारदात, बैग में रखी थी रकम

**अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर चांदापुर रोड पर सरौरी गांव के सामने भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से तीन लाख रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए। रकम बैग में रखी थी। कर्मचारी किस्तें वसूलकर बाइक से शहर लौट रहा था। लूट की घटना से पुलिस में खलबली मच गई। एएसपी व सीओ ने मौका मुआयना किया। चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साउथ सिटी कॉलोनी निवासी विशेष तिवारी भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। बुधवार सुबह वह किस्तें वसूलने के लिए सेहरामऊ दक्षिणी के गांव बबक्करपुर गए थे। वहां उन्होंने कई लोगों से किस्तों के तीन लाख रुपये वसूले और एक बैग में रखकर चल दिए। विशेष तिवारी ने बताया कि अपराह्न करीब 3 बजे वह बाइक से चांदापुर रोड पर सरौरी गांव के सामने सखी बाबा मंदिर के निकट पहुंचे थे तभी बाइक पर सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। एक बदमाश बाइक पर बैठा रहा। दूसरे ने तमंचा निकालकर तान दिया और मारने की धमकी देकर तीन लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया फिर चांदापुर गांव की तरफ भाग गए। बैग में तीन लाख रुपये के अलावा लैपटाप, मोबाइल फोन व जरूरी कागजात थे। एसओ रोहित सिंह ने घटना संदिग्ध बताई है।

## जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे



**मुंबई।** जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुबंई में 1932 को जन्मे सयानी ने 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया।

## एक नजर

### बीआरएस नेता कविता को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता को अगले सप्ताह तलब किया है। कविता को सोमवार को यहां सीबीआई मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। एजेंसी ने इससे पहले दिसंबर, 2022 में हैदराबाद में कविता के आवास पर उनका बयान दर्ज किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी विजय नायर ने आम आदमी पार्टी नेताओं को पहुंचाने के लिए 'साउथ ग्रुप' नामक समूह से कम से कम 100 करोड़ की रिश्वत ली थी।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**55 लाख** से अधिक परीक्षार्थी

**8265** केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

# ब्रिटेन, कनाडा के सीए को मिल सकती है प्रैक्टिस की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीएआई देगा सरकार को प्रस्ताव : रंजीत कुमार

ब्रिटेन और कनाडा के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को पारस्परिक आधार पर भारत में काम करने (प्रैक्टिस करने) की अनुमति दी जा सकती है। चार्टर्ड अकाउंटेंट के शीर्ष निकाय भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) सरकार को यह प्रस्ताव दे रहा है। आईसीएआई के अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि प्रस्ताव को पारस्परिक आधार पर सख्ती से लागू किया जाएगा ताकि भारत के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भी ब्रिटेन और कनाडा में प्रैक्टिस करने की अनुमति मिल सके। यह पहली बार होगा जब किसी देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जाएगी। प्रस्ताव ब्रिटेन और कनाडा के साथ भारत की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए जारी बातचीत का हिस्सा है।

अग्रवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ भी ऐसी ही व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। पारस्परिक प्रणाली लागू होने के बाद इन देशों के चार्टर्ड अकाउंटेंट को आईसीएआई के साथ पंजीकृत होना होगा।

# गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य बढ़कर 340 रुपये प्रति क्विंटल हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए दी मंजूरी

सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 फीसदी की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल रखने को मंजूरी दे दी। यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर 2024 तक लागू होगी। नया एफआरपी गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होने वाला है। यह किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंजूरी के साथ, चीनी मिलें गन्ने की एफआरपी 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर 340 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेंगी। वसूली में प्रत्येक 0.1 फीसदी की वृद्धि के साथ, किसानों को 3.32 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1 प्रतिशत की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी। हालाँकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपये प्रति क्विंटल है जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है।

# डेढ़ साल की बच्ची की नाली में गिरकर मौत

संवाददाता, सिंगाई (लखीमपुर)

- दो बहनों के साथ खेल रही बच्ची का पैर फिसला, बच्ची की मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भेड़ौरा में ब्रह्मबाबा स्थान के पास अपनी दो बहनों के साथ खेल रही डेढ़ साल की बच्ची का अचानक पैर फिसल गया और वह पानी भरी नाली में गिर गई। परिवार के लोग जब तक उसे बाहर निकालते, उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की मौत से परिवार में चीख पुकार मच गई।

नगर के मोहल्ला भेडौरा वार्ड चार निवासी सुरेश गुप्ता की डेढ़ साल की पुत्री मानवी बुधवार को पड़ोस में स्थित ब्रह्म बाबा स्थल पर अपनी बहन हीमरता व पीहू के साथ खेल रही थी। खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह चिरकुवा सड़क पर जाने वाली नाली में जा गिरी। नाली में पानी अधिक होने से वह डूब गई। दोनों बहनें भागकर घर पहुंचीं और मानवी के नाली में गिरने की सूचना दी। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। बच्ची को नाली से बाहर निकाला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। नाली में गिरकर बच्ची की मौत होने की खबर पर मोहल्ले के तमाम लोगों की भीड़ लग गई। परिवार वालों का रो-रोकर हाल बेहाल है। एसओ जेबी सिंह ने बताया कि परिजनों की तरफ से हादसे की जानकारी नहीं दी गई है।

# प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन



**नई दिल्ली।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

# गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।



इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

# स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा



**लखनऊ।** सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से शुरू, 124 केंद्रों पर बैठेंगे 79307 परीक्षार्थी

## बुधवार को केंद्रों पर चलती रही तैयारी, चस्पा किए सीटिंग प्लान, कंट्रोल रूम से जुड़े सभी परीक्षा केंद्र, कंप्यूटर स्क्रीन पर होगी परीक्षा की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से आरंभ हो रही है। जिले में 79,307 परीक्षार्थियों के लिए 124 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के एक दिन पूर्व सभी केंद्रों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। पूरे दिन शिक्षक-शिक्षिकाएं सीटिंग प्लान तैयार करने और उन्हें कॉलेज गेट और परीक्षा कक्ष में सीटों पर चस्पा करने में जुटे रहे। वहीं, कंट्रोल रूम से सभी 124 केंद्रों को जोड़ा गया है। प्रत्येक सेंटर की गतिविधियों पर कंप्यूटरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा नकल विहीन कराना विभाग और पुलिस व प्रशासन के लिए चुनौती रहा है। हालांकि इधर, कुछ वर्षों से सख्ती के चलते नकल पर लगाम लगी है। मगर प्रशासन किसी तरह की ढील नहीं देना चाहता। डीआईओएस हरिवंश कुमार बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम में घंटों जमे रहे। कंट्रोल रूम में 16 कंप्यूटर परीक्षा कार्य के लिए तैयार किए गए, जिनमें एक-एक केंद्र का पूरा डाटा फीड कराया गया है।



राजकीय इंटर कालेज में स्थापित कंट्रोल रूम में कंप्यूटर पर केंद्रों की फीडिंग और कैमरे चेक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



महानगर में जीआईसी केंद्र पर सीट प्लान देखते परीक्षार्थी।

केंद्रों के एक-एक कक्ष, स्ट्रांग रूम और परिसर में आसपास लगाए गए सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रूम से जोड़ दिए गए हैं।

कंट्रोल रूम में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी और शिक्षक-शिक्षिकाएं नियुक्त किए गए हैं, जो पूरे दिन डाटा चेक करते रहे। उपनियंत्रक डीआईओएस हरिवंश कुमार व जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल कुमार की देखरेख में परीक्षा संबंधी कार्यों को अंतिम रूप दिया गया। इधर, कॉलेजों में परीक्षा कार्य के लिए तैयार की गई टोली अपने-अपने दायित्वों को समेटने में जुटी रही।

परीक्षा कक्ष के बाहर और मुख्य गेट पर सीटिंग प्लान चस्पा कर दिए गए। इसके अलावा सीटों पर भी अनुक्रमांक स्लिप चस्पा कर दी गईं। परीक्षा से पहले केंद्र की लोकेशन देखने और अपनी सीट देखने के लिए भी परीक्षार्थी केंद्रों के चक्कर काटते रहे।

### परीक्षा में 4313 कक्ष निरीक्षक लगाए गए

यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार 79,307 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 26213 बालक, 17917 बालिकाओं समेत कुल 44130 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट में 21419 बालक, 13758 बालिकाओं समेत कुल 35177 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा कार्य के लिए 4313 कक्ष निरीक्षक लगाए गए हैं।



एक केंद्र पर डेस्क स्लिप चस्पा कराती शिक्षिका। ● अमृत विचार

### मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं समाप्त

**शाहजहांपुर।** मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी और कामिल परीक्षा का बुधवार को समापन हो गया। संबंधित परीक्षा जनपद के पांच केंद्रों पर कड़ी निगरानी संपन्न हुई। अंतिम दिन प्रथम पाली में पंजीकृत 842 परीक्षार्थियों में से 594 ने परीक्षा दी और 248 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, वहीं द्वितीय पाली में पंजीकृत 303 परीक्षार्थियों में 264 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे और 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद, सेक्टर मजिस्ट्रेट वरुण सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इधर, मदरसा नुरुल हुदा के केंद्र व्यवस्थापक इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने कक्ष निरीक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर आभार जताया।



मदरसा नूरुलहुदा में कक्ष निरीक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान करते केंद्र व्यवस्थापक इकबाल हुसैन।

## एक नजर

### नगर आयुक्त ने देखा भवन निर्माण कार्य



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह की ओर से न्यू सिटी ककरा में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन के निर्माण का बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य में धीमी गति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि निर्माणाधीन कार्यालय भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए व निर्माण कार्यों को जल्द पूरा किया जाए।

### रात में 10 से सुबह छह बजे तक नहीं बजेगा डीजे

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की कक्षा 10 व 12वीं की परीक्षा को लेकर रात दस बजे से सुबह छह बजे तक डीजे आदि प्रतिबंध रहेगा। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि उप्र बोर्ड की कक्षा 10 व 12वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरु होने जा रही है। लखनऊ पुलिस मुख्यालय का आदेश है कि रात दस बजे से सुबह छह बजे तक डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्र के बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही अन्य समय में वाणिज्यक क्षेत्र में 65/55 डेसीमल, रिहायशी क्षेत्र में 55/45 डेसीमल अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई है। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि मैरिजहाल, बैकेंटहाल व डीजे संचालकों की मीटिंग करके निर्देशित करें।

# सीबीएसई परीक्षा : 12वीं में अंग्रेजी का पेपर आज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को जिले में परीक्षा के लिहाज से बहुत बड़ा दिन है। एक ओर जहां यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है, जिसमें दोनों पालियों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का हिंदी का सबसे बड़ा पेपर होगा, वहीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 12वीं क्लास का अंग्रेजी का पेपर होगा। सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा नौ केंद्रों पर होगी, जिसमें 2824 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

सीबीएसई बोर्ड के जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा गुरु तेग बहादुर एकेडमी पुवायां, केंद्रीय विद्यालय-एक और दो, लिटिल फ्लावर कान्वेंट पुवायां, माधव राव सिंधिया स्कूल, मारवाह मार्डर्न स्कूल पुवायां, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ और द रेनेसां एकेडमी तिलहर में होगी। परीक्षा सुबह 10 से अपरान्ह 1.30 बजे तक चलेगी। को-आर्डिनेटर पांडेय ने परीक्षार्थियों को सुझाव दिया है कि वह परीक्षा के दौरान अपना प्रवेश पत्र, परिचय पत्र के साथ पानी की ट्रांसपैरेंट बोतल जरूर लेकर जाएं और पेपर के समय गला तर करते रहें, इससे घबराहट से बचा जा सकता है।

### सीबीएसई:16 परीक्षार्थियों ने छोड़ा हिंदी पेपर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बुधवार हिंदी का पेपर हुआ। इसी के साथ मुख्य विषयों की परीक्षा शुरू हो गई। बोर्ड से नियुक्त जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की भी व्यवस्था रही। उन्होंने बताया कि 10वीं की परीक्षा में पंजीकृत 2811 परीक्षार्थियों में 13 अनुपस्थित रहे और 2798 ने परीक्षा दी, इसी तरह 12वीं की परीक्षा में पंजीकृत 484 में तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 481 ने परीक्षा दी।

# डंपर ने आलू ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, हाईवे पर डेढ़ घंटे लगा जाम

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** पुवायां मार्ग पर लक्ष्मीपुर गांव के समीप बुधवार शाम 6:15 बजे मिट्टी भरे डंपर ने आलू ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज लगी कि ट्रैक्टर दो भागों में बंट गया। हाईवे पर आलू फैल गए, जिससे जाम लग गया। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। ट्रैक्टर चालक थाना पुवायां के गांव शहजादपुर निवासी दलजीत सिंह बाल-बाल बच गए। पुलिस कड़ी मशक्कत कर करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुलवा सकी।

कस्बा पुवायां के गांव शाहजादपुर के रहने वाले दलजीत सिंह ने बताया कि उनका खेत खुटार की ग्राम पंचायत टाहखुर्द कलां के कुर्रेया खानपुर और चमराबोझी में है। इस समय खेत में आलू की खुदाई हो रही है। बुधवार शाम को बोरियों में आलू भरकर ट्रैक्टर ट्राली से गंगसरा में कोल्ड स्टोर ले जा रहे थे। उधर, एनएचएआई विभाग की ओर से शाहजहांपुर से खुटार तक रोड चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिससे सड़क किनारे डंपरों से मिट्टी डाली जा रही है। बुधवार शाम करीब सवा छह बजे खुटार पुवायां रोड पर लक्ष्मीपुर के पास डंपर ने ट्राली के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर ट्राली के दो टुकड़ों में भाग होकर हाईवे पर पलट गई। दुर्घटना के बाद डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। तो वहीं, ट्रैक्टर चालक दलजीत सिंह बच गए। लेकिन आलू भरा ट्रैक्टर ट्राली हाईवे पर पलटने से दोनों और वाहनों की लंबी जाम लग गई। जिस कारण पूरी तरह से ठप हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कार्यवाहक थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और रोड पर आलू के कट्टों को हटवाया। इसके बाद आवागमन शुरू हो सका।



हादसे के बाद सड़क पर फैले आलू हटाते लोग। ● अमृत विचार



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त खड़ा टैक्टर।

▸▸ पुवायां मार्ग पर हुआ हादसा, डंपर की टक्कर लगने पर बीच से अलग हुआ ट्रैक्टर

### दूसरे ट्रैक्टर ट्राली में लादा गया आलू

हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दूर तक आलू फैल गया। जिससे हाईवे के दोनों और वाहनों की लाइन लग गई और आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने किसान दलजीत सिंह से दूसरा ट्रैक्टर ट्राली मंगवाया और आनन फानन में मजदूरों से आलू लदवाया गया। इस तरह हाइवे से जाम खुल सकी।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से तीन पशुओं की मौत

**निगोही, अमृत विचार:** खेरासंडा गांव में बिजली का तार टूटकर गिरने से तीन मवेशियों की मौत हो गई। खेराखंडा गांव के ऊपर से 11 हजार की बिजली लाइन गुजरी है।

मंगलवार दोपहर अचानक गंगाराम के मकान के सामने तार टूटकर गिर गया। इस हादसे में गंगाराम के परिजन तो बाल-बाल बच गए लेकिन बाहर बंधी तीन भैसों के ऊपर तार गिर जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

आसपास के लोगों ने पावर हाउस फोन कर बिजली बंद करा दी। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। पशु और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच मामले की जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियो को भेज दी गई अब आगे की कार्रवाई होनी बाकी है।

# निष्पक्ष न्याय दिलाना हमारा दायित्व : जिला जज

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** सिविल बार एसोसिएशन पुवायां की नवनिर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को हुआ। समारोह सिविल कोर्ट के सभागार में जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा की मौजूदगी में हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता ओम प्रकाश गुप्ता ने की। जिला जज भानु देव शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम आरंभ किया। अधिवक्ताओं ने मंचासीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं का माल्यार्पण किया और बैज लगाकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जिला जज भानु देव शर्मा ने नवनिर्वाचित कमेटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समय रहते निष्पक्ष न्याय दिलाना प्रत्येक अधिवक्ता का दायित्व होता है, जिसके लिए समर्पण भाव के साथ अधिवक्ता वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहते हैं।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे को पूर्व अध्यक्ष सुधीर सक्सेना ने शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे ने सभी नवनिर्वाचित अधिवक्ता पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमपाल यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश सिंह चौहान, महामंत्री सुबोध वर्मा सहित निर्भय मिश्रा, बब्लेश कुमार, मुकेश भारद्वाज, रामवीर गौतम, विजेंद्र पांडे, अनूप कंचन, रमेश चंद्र व विवेक कुमार यादव को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ला और पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश शिरीष मेहरोत्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन अधिवक्ता राजीव शर्मा ने किया।

इस अवसर पर सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे, जिन्होंने नवनिर्वाचित कमेटी का करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया।



पुवायां में सिविल कोर्ट सभागार में आयोजित समारोह में मौजूद अधिवक्ता।



मंचासीन जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा व अन्य।

# 25 से 30 साल की उम्र के थे बदमाश



घटना के बाद मौके पर एकत्रित लोग। ● अमृत विचार

**सेहरामऊ दक्षिणी (शाहजहांपुर), अमृत विचार :** तीन लाख रुपये की नगदी लूटने वाले बदमाश युवा ही थे। फाइनेंस कंपनी कर्मचारी विशेष तिवारी ने पुलिस को बताया कि बदमाश काले रंग की अपाचे बाइक पर थे। दोनों अपने मुंह में कपड़ा लपेटे थे। एक बदमाश के हाथ में तमंचा था। दोनों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच होगी। एक बदमाश जींस की पैट, शर्ट व दूसरा पैंट शर्ट पहने था।

वहीं, सेहरामऊ दक्षिणी थाना पुलिस को सूचना मिलने पर एसओ रोहित सिंह फौरन घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने चांदापुर रोड पर आसपास के गांवों में लोगों से पूछताछ की। इस बीच एएसपी सिटी मनोज कुमार अवस्थी व सीओ सदर अमित चौरसिया भी मौके पर पहुंचे।



फाइनेंस कंपनी कर्मचारी के साथ हुई लूट की घटना में एसओजी समेत चार टीमों को लगाया गया है। पुलिस टीमें अपने स्तर से जांच कर रही है। घटना का शीघ्र खुलासा होगा। – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

# खोदी गई सड़क से उड़ रही धूल, व्यापारी परेशान



नगर आयुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ पानी छिड़काव कराए जाने व सड़क मरम्मत की मांग, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** शहर में सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क से उड़ रही धूल की वजह से आम नागरिक ही नहीं बल्कि व्यापारी भी परेशान हैं, बुधवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर पानी का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

युवा जिलाध्यक्ष अनवार खां के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जब से बहादुरगंज पचराहा पर सीवर लाइन बिछाए जाने के लिए खुदाई का कार्य हुआ है, तब से इतनी भयंकर धूल उड़ रही है कि सांस लेना मुश्किल हो रहा है। आखिर कब तक व्यापारियों का उत्पीड़न होता रहेगा। बहादुरगंज पंचराहा पर बिल्कुल भी पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। धूल-मिट्टी उड़ने से दुकान पर बैठना मुश्किल हो रहा है। सड़क पर गड्ढे होने से दुकानों पर ग्राहक नहीं आ रहे हैं। इसलिए बहादुरगंज पचराहा पर सड़क की मरम्मत कराई जाए और तब तक दिन में दो बार पानी का छिड़काव कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में इमरान, इरशाद, तनवीर, सतीश, जफर खां, जाने आलम, रेहान, जयवीर आदि लोग थे।

### सिटी मजिस्ट्रेट ने राजस्व अभिलेखागार का किया निरीक्षण



अभिलेखागार का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार।

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कमिश्नर सौम्या अग्रवाल का 23 फरवरी को कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण प्रस्तावित है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने राजस्व अभिलेखागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। सिटी मजिस्ट्रेट ने अव्यवस्थित पटल सही करने के लिए अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिए। एक कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया, जिसकी छुट्टी का उन्होंने ब्यौरा मांगा। राजस्व रिकार्डों को नंबर डालकर व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए कहा। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में भी कमिश्नर के दौरे को लेकर तैयारियां होते हुए देखी जा रही हैं। अधिकारी-कर्मचारी सभी कार्यों को समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस कदम उठा रही सरकार



फीता काटकर स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करतीं विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** सीएचसी पर आयोजित स्वास्थ्य मेले का भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विभाग के लगाए स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार की ओर से लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। इस दौरान सीएमओ आरके गौतम, चिकित्सा अधिकारी डॉ. करण सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, विवेक मल्होत्रा सोनू, डॉ. आलोक जायसवाल, डॉ. शोभित आदि मौजूद रहे।

# फूलों की खेती में अधिक संभावनाएं, आय बढ़ाने में मददगार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

**अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कृषक उत्पादक संगठनों की जनपद स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में कृषि प्रौद्योगिकी, सीड सिस्टम, मार्केटिंग, एक्सपोर्ट, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, यूपीएफपीओ शक्ति पोर्टल पर चर्चा हुई।

बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एनसी त्रिपाठी ने कृषि प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत विकसित किए गए स्टार्टअप उन्नतिशील कृषि यंत्र, बायोगैस प्लांट, कृषि ड्रोन भूमि और जल संरक्षण, फार्म मशीनरी आदि के संबंध में जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सतीश चंद्र पाठक ने सीड सिस्टम के तहत खाद्यान्न और मिलेट्स, तिलहन, दलहन आदि बीज की उपलब्धता, बीज प्रमाणीकरण, प्रोसेसिंग एवं ग्रेडिंग एवं विपणन विषय पर जानकारी दी। मंडी सचिव रोजा प्रवीण अवस्थी, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक मंडी समिति सर्वेश कुमार की ओर से मार्केटिंग व एक्सपोर्ट के तहत एक्सपोर्ट लाइसेंस, डब्ल्यूटीओ नियम, मार्केटिंग संबंधी लाइसेंस, ट्रांसपोर्टेशन पर अनुदान पर सरकार की ओर से जारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन के तहत दिये गये सीड प्रोसेसिंग प्लांट प्रमाणीकरण संस्था से पंजीकरण, ग्रेडिंग, सीड टेस्टिंग एवं प्रमाणीकरण, मूल्य संवर्धन और खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग नीति 2023 पर चर्चा की। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने यूपीएफपीओ शक्ति पोर्टल पर एफपीओ के पंजीकरण, डाटा वैलीडेशन, रैंकिंग और ग्रेडिंग मानक व पोर्टल के विभिन्न प्रकार के माड्यूल के विषय पर बैठक में एफपीओ के अध्यक्ष, सदस्यों को बताया। डीएम ने कृषक उत्पादक संगठन की संख्या को बढ़ाने पर जोर दिय। एफपीओ को व्यवसायिक रूप देते हुए अधिक से अधिक टिकाऊ बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फूलों की खेती में भी अधिक संभावनाएं हैं। इच्छुक एफपीओ फूलों की खेती पर अपनी व शेयर धारकों की आय में अधिक वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि निकटस्थ जनपदों व अच्छा कार्य कर रहे एफपीओ के स्थलों पर जनपद के प्रगतिशील एफपीओ का भ्रमण कराया जा सके।



कृषक उत्पादक संगठन की जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक करते डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़े।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8307111100, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली




# दो साल में सरकारी क्रय केंद्रों पर दो प्रतिशत भी नहीं हो सकी गेहूं खरीद

## जिले में राशन कार्ड धारकों को देने के लिए दूसरे प्रदेशों से मंगाना पड़ रहा गेहूं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में पिछले दो साल से गेहूं खरीद की स्थिति निराशाजनक है। इन दोनों साल में कुल एक लाख क्विंटल गेहूं खरीद भी नहीं हो सकी है। यह आंकड़ा लक्ष्य के सापेक्ष दो प्रतिशत भी नहीं है। पिछले दो साल में किसानों ने अपना गेहूं निजी आढ़त और फ्लोर मिल वालों को बेच दिया। इस कारण खाद्य सुरक्षा कानून के तहत जनता को दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर दिया गया। इस बार फिर वही हाल होने की आशंका जताई जा रही है। इसी के चलते खरीद बढ़ाने के लिए अभी से सरकारी अमला लग गया है। अधिकारियों का मानना है कि लक्ष्य पूरा करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन कोशिश अभी से की जा रही है।

जिले में इस समय 5.69 लाख राशन कार्डधारक हैं। इन्हें प्रतिमाह 1.13 लाख क्विंटल राशन बांटा जाता है। पिछले दो साल में एक लाख क्विंटल से भी कम खरीद हुई। इस तरह दो साल के भीतर

**▸▸ दाम अधिक मिलने से आढ़तियों और फ्लोर मिलों को गेहूं बेच रहे किसान**

बीते दो सालों से लक्ष्य के सापेक्ष दो प्रतिशत गेहूं की खरीद नहीं हो पा रही है। राशन कार्ड धारकों को बांटने के लिए गेहूं पंजाब व अन्य प्रदेशों से मंगाना पड़ रहा है। इस बार एक मार्च से ही गेहूं खरीद की तैयारी है। किसानों का पंजीकरण कराया जा रहा है।

**– राकेश मोहन पांडेय,** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

27.28 लाख क्विंटल राशन की आपूर्ति के लिए सरकार को पंजाब व दूसरे प्रांतों से गेहूं मंगाकर वितरित करना पड़ा।

इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि के साथ एक माह पूर्व गेहूं खरीद की तैयारी शुरू कर दी है। जिले में इसके लिए 194 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं उत्पादन व खरीद में जिले में दशकों से प्रदेश में प्रथम पायदान पर रहा है। कोरोनाकाल तक यहां 25 लाख से 30 लाख क्विंटल गेहूं खरीद होती थी। यूक्रेन-रूस युद्ध

### अबकी 2275 रुपये प्रति क्विंटल होगी खरीद

शासन ने इस बार 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य घोषित किया है। यह बीते वर्ष की अपेक्षा ज्यादा है, लेकिन बाजार का भाव इसी के आसपास रहने की उम्मीद है। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों को पंजीयन कराना होता है। कई बार केंद्र पर लाइन लगाने पड़ती है। इन्हीं झंझटों से बचने के लिए किसानों का रुझान प्राइवेट आढ़तों और फ्लोर मिलों की ओर बढ़ रहा है।

### जिले में 197 केंद्रों पर की जाएगी गेहूं खरीद

| खरीद एजेंसी | केंद्र संख्या | खरीद एजेंसी | केंद्र संख्या |
|---|---|---|---|
| आरएफसी | 35 | एफसीआइ | 20 |
| यूपी पीसीएफ | 49 | मंडी समिति | 05 |
| यूपीएसएस | 39 | नैफेड | 05 |
| यूपीपीसीयू | 44 | | |

के दौरान जिले से लगभग 27 रैक गेहूं बाहर भेजा गया। इस कारण बाजार में गेहूं का रेट समर्थन मूल्य से 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल अधिक रहा। नतीजतन किसानों ने सरकारी केंद्रों के बजाय खुले बाजार में गेहूं बेचा। वर्ष 2022 में लगभग 20 हजार क्विंटल और 2023 में 49 हजार क्विंटल के लगभग खरीद हुई। जबकि गरीबों को सरकारी राशन की दुकानों के माध्यम से प्रतिमाह 1.13 लाख क्विंटल से अधिक राशन की जरूरत होती है। सरकार ने गेहूं की मात्रा कम होने पर चावल की मात्रा बढ़ाकर काम चलाया। दो माह से गेहूं के बजाय बाजरा को सरकारी राशन की दुकानों पर वितरित कराया जा रहा है। पिछले वर्ष सरकार ने 31.100 लाख क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया था। प्रशासन ने गेहूं खरीद के लिए 200 क्रय केंद्र खोले। 194 क्रय केंद्रों पर जून तक मात्र 48992 क्विंटल खरीद हो सकी। जबकि 2023 में खरीद एक प्रतिशत का आंकड़ा भी न छू सकी।

### बीते वर्ष सूने रहे सरकारी क्रय केंद्र

पिछले वर्ष शुरू से लेकर अंत तक सरकारी क्रय केंद्र सूने पड़े रहे। रोजा मंडी में एक मार्च से गेहूं खरीद की तैयारी शुरू हो गई थी, लेकिन आढ़तों पर पहली बार गेहूं 15 मार्च तक पहुंचा। रोजा मंडी में बीते वर्ष 27 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हुई थी। 31 मार्च तक चार दिन में 38 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा गया था। जनपद में रोजा सबसे बड़ी मंडी है। अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से एक अप्रैल से गेहूं खरीद की व्यवस्था थी, अब एक मार्च से खरीद का आदेश हुआ है। बीते वर्ष से रोजा मंडी में पहले दिन 2336 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी। गेहूं का समर्थन मूल्य 2350 रुपये प्रति क्विंटल था। दूसरे दिन 1500 क्विंटल गेहूं आया। नमी के कारण गेहूं की गुणवत्ता अच्छी नहीं थी। आढ़तियों का कहना है कि अभी तक मार्च में गेहूं आने की स्थिति नहीं हुई है। महीने में एक दो ढेर आने को गेहूं की आवक नहीं माना जा सकता है। मार्च के अंतिम सप्ताह में गेहूं की आवक होती है। शासन की मंशा के अनुरूप एक मार्च से क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की सभी व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं।

# पैसे लेते वीडियो वायरल, पुवायां सीएचसी से दो फार्मासिस्ट हटाए

संवाददाता, पुवायां/ शाहजहांपुर

**▸▸ वायरल वीडियो पुवायां सीएचसी के चीफ फार्मासिस्ट का बताया जा रहा**

**▸▸ सीएमओ ने दिए जांच के निर्देश कुछ डॉक्टरों का भी हो सकता है ट्रांसफर**

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर चीफ फार्मासिस्ट का पैसे लेते वीडियो वायरल होने के बाद सीएमओ ने पुवायां सीएचसी से दो फार्मासिस्ट को हटा दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया है। पुवायां सीएचसी से कुछ अन्य डॉक्टरों भी हटाने के संकेत दिए हैं। पुवायां सीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट बीआर आजाद का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें वह एक व्यक्ति से पैसे लेते दिखाई दिए। बताया गया कि चीफ फार्मासिस्ट वीडियो में किसी से इंजेक्शन लगाने के नाम पर पैसा ले रहे थे। इसी बीच किसी ने वीडियो बना लिया। बाद में यह वीडियो एक यू ट्यूब चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो गया। वायरल वीडियो धीरे-धीरे सीएमओ डॉ. आरके गौतम के पास पहुंच गया। सीएमओ ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुवायां सीएचसी पर तैनात चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट का तबादला दूसरे अस्पताल में कर दिया।

सीएमओ ने बताया कि बीआर आजाद को बंडा अस्पताल में नई तैनाती दी गई है। जबकि फार्मासिस्ट सच्चिदानंद का तबादला निगोही अस्पताल में किया गया है।

उधर, चीफ फार्मासिस्ट बीआर आजाद ने बताया कि वीडियो काफी पुराना है। वायरल वीडियो में वह नहीं हैं। वीडियो में दिख रहे पैसे चाय के बचे हुए हो सकते हैं। किसी ने चाय मंगवाई होगी और वीडियो में दिख रहा व्यक्ति चाय के बचे हुए पैसे वापस कर रहा होगा। उन्होंने बताया कि सीएचसी के कर्मचारियों में गुटबाजी हो रही है।

16 फरवरी को फार्मासिस्ट सच्चिदानंद बिना मरीज के ही एंबुलेंस में बैठकर शाहजहांपुर गए थे। मौके पर मौजूद एक डॉक्टर की ओर से मना करने पर सच्चिदानंद ने डॉक्टर से अपशब्द कहे थे। उन्होंने फार्मासिस्ट सच्चिदानंद पर कई आरोप लगाए। उन्होंने एक डॉक्टर पर भी आरोप लगाया कि वह ड्यूटी पर हमेशा शराब पीकर आते हैं। एक बार तो इस डॉक्टर को काफी उल्टी हुई थी और एंबुलेंस से भेजा गया था।

## एक नजर

### दो सगी बहनों के साथ छेड़छाड़, तहरीर दी

**कलान।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दो नाबालिग बहने सुबह अलाव पर हाथ सेक रही थी। तभी एक नशेड़ी आया और दोनों बहनों से छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपी युवक भाग गया। घटना के समय पीड़ित के माता-पिता घर में नहीं थे। उनके घर लौटने पर बेटियों ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद माता-पिता ने थाने जाकर तहरीर दी।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन थाना के एसओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि महीने भर पहले आरोपी सोनू एक किशोरी को अगवा करके ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी के परिवार वालों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी विरला देवी ने बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले प्रदीप कुमार निवासी रसूलपुर गढ़िया थाना बंडा के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से एक कार व पांच लाख रुपये मंगाकर दो। विरला देवी ने ससुराल वालों से कहा कि मायके वालों की हैसियत नहीं है कि कार व पांच लाख रुपये दे पाए। महिला का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और खाना नहीं देते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने एक माह पूर्व उसे मारा पीटा घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति आदि के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रोजा में पौने तीन घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** रोजा विद्युत उपकेंद्र में 11 केवी इनकमिंग वीसीबी पैनल बाक्स को बदले जाने के कारण बुधवार दोपहर रोजा व आसपास के क्षेत्रों में करीब पौने तीन घंटे बिजली गुल रही। इससे क्षेत्रवासियों को खासी दिक्कत हुई।

विद्युत उपकेंद्र रोजा में लगे 11 केवी इनकमिंग वीसीबी पैनल की क्षतिग्रस्त सीटी को बदलने का कार्य बुधवारदोपहर एक बजे शुरू हुआ, जिससे बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। इसके चलते चर्च कालोनी, आदर्श नगर कॉलोनी, मठिया कॉलोनी, आईटीआई कॉलोनी, निवाजपुर, सरायकांइया, पुत्तूलाल चौराहा, दलेलगंज, मिश्रीपुर, चमकनी गाड़ीपुरा, ख्वाजा फिरोज आदि इलाके में बिजली सप्लाई बंद रही। सीटी को बदलने के लिए कर्मचारियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। शाम करीब पौने चार बजे बिजली सप्लाई चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। जेई अजय कुमार यादव ने बताया कि इनकमिंग वीसीबी पैनल की क्षतिग्रस्त सीटी को बदलने का कार्य बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे से किया जाना था, लेकिन इंजीनियरों की टीम देर से पहुंची। इस कारण कार्य दोपहर में शुरू हो पाया। पौने चार बजे कार्य समाप्त कर विद्युत सप्लाई शुरू कर दी गई।



रोजा उपकेंद्र में क्षतिग्रस्त सीटी बदलते इंजीनियर। ● अमृत विचार

**▸▸ उपकेंद्र में वीसीबी पैनल की क्षतिग्रस्त सीटी बदलने के दौरान बंद रही सप्लाई**

# जीआरपी ने चोरी के मोबाइल समेत एक आरोपी दबोचा

**शाहजहांपुर।** जीआरपी ने ट्रेन में चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल बरामद किए है। जीआरपी के उप निरीक्षक करुणेश चंद्र शुक्ला को मंगलवार की शाम सूचना मिली कि प्लेटफार्म चार व पांच के पश्चमी छोर पर एक चोर बैठा है, जो ट्रेन में चोरी की वारदात करता है।

पुलिस ने चोर को पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर अभिषेक निवासी आनंदपुरम कालोनी चौक कोतवाली है।

पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल बरामद किए है। अभियुक्त पर पहले से चोरी के चार मुकदमें है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में सिपाही विनीत कुमार, आदेश कुमार थे।

# दुल्हन के पिता ने चार सगे भाइयों समेत आठ पर लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, तिलहर

**▸▸ सभी आरोपी घर से फरार, तलाश में पुलिस की दबिश जारी**

**▸▸ बरूआर गांव में बरातियों पर ग्रामीणों के हमले का मामला**

**अमृत विचार :** बरातियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटने और सामान तोड़ने के मामले में दुल्हन के पिता की ओर से तिलहर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। सीओ प्रयांक जैन और कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने बुधवार को पुलिस टीम के साथ आरोपियों के घर दबिश दी, लेकिन सभी घर से फरार थे। एहतियातन बरूआर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

तिलहर इलाके के बरूआर गांव के प्यारेलाल ने बताया कि 19 फरवरी को उनकी बेटी लीलावती की बारात निगोही के डींग गांव से आई थी। बारात में लगे डीजे पर बाराती और उनके रिश्तेदार डांस कर रहे थे। डीजे पर डांस करने को लेकर गांव के जोगराज यादव के पुत्र नेमपाल यादव, करन यादव, नन्हे लाल यादव, वेदपाल यादव व अजीत यादव और रूत्तिम यादव के पुत्र राम भरोसे यादव, रामसेवक यादव व सत्यपाल यादव से कहासुनी हो गई थी। प्यारेलाल ने बताया कि रात करीब एक बजे बराती खाना खाकर लेटे हुए थे। इसी दौरान आरोपियों ने एक राय होकर अवैध हथियार एवं लाइसेंसी राइफल और लाठी डंडे लेकर बरातियों पर हमला कर दिया और दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। इससे बरातियों में अफरा-तफरी मच गई। सभी बराती जान बचाकर खेतों की तरफ भागने लगे। भागने के दौरान आवारा पशुओं से बचने को लगाए गए कंटीले तारों की चपेट में आकर कई बाराती घायल हो गए। गांव वालों के पीटने से दूल्हा कुलदीप, उसका भाई सुरेश मौर्य और दूल्हा के बहनोई के सिर में गंभीर चोटें आईं। घायलों की हालत गंभीर होने पर बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्यारेलाल ने बताया कि बरातियों ने आरोपियों से बचने के लिए भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान आरोपियों ने बरातियों की गाड़ियां भी तोड़ दी। हमले के कारण बाराती डर की वजह से भाग गए, जिस कारण उसकी पुत्री की शादी नहीं हो सकी। बुधवार को सीओ प्रयांक जैन व कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने पुलिस टीम के साथ गांव में दबिश दी।



पुलिस को घटना की जानकारी देती दुल्हन लीलावती। ● अमृत विचार



बुधवार को गांव में जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### दुल्हन ने लगाई न्याय की गुहार

**तिलहर।** घटना के बाद से दुल्हन लीलावती की हालत खराब है। वह सदमे से उबर नहीं पा रही है। बुधवार को वह मां और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह से न्याय की गुहार लगाने पहुंची। उसका कहना था कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हमलावरों ने उसका घर बसने से पहले ही उजाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अब उसकी शादी कैसे होगी, कौन उससे शादी करेगा। इस पर कोतवाल ने कहा कि दूल्हे के परिवार की स्थिति सामान्य होने पर भांवरें डलवाई जाएंगी।

## सार-संक्षेप

### जालसाजों ने ढाबा मालिक के 37 हजार रुपये हड़पे

**बंडा।** बाइक का लोन चुकाने के नाम पर जालसाजों ने ढाबा मालिक से 37 हजार रुपये हड़प लिए। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। गांव मकसूदापुर निवासी जोगा सिंह ने पुलिस को बताया कि करीब चार साल पूर्व उसने बाइक फाइनेंस कराई थी। 19 अप्रैल 2023 को थाना पुवायां के गांव अगौना निवासी एक युवक उनके ढाबे पर आया। उसके साथ तीन अन्य लोग थे। उन लोगों ने उसकी बाइक का लोन चुकाने के नाम पर उससे 19 हजार रुपये नगद और 18 हजार रुपये बैंक खाते में डलवा लिए। मगर उसने पैसा फाइनेंसर को नहीं दिया। छानबीन करने पर पता चला कि आरोपी ठग प्रवृत्ति के हैं। जिस बैंक खाते में आरोपी ने रुपये डलवाए थे, वह खाता रुचि देवी के नाम है। पीड़ित ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और रुपया वापस दिलवाए जाने की मांग की है।

### नकली जेवर बेचने आए ठग को दुकानदार ने पकड़ा

**जलालाबाद।** सराफा की दुकान पर नकली जेवर बेचने आए एक ठग को दुकानदार ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सराफा व्यापारी ठगी का शिकार होने से बच गया। पुलिस पकड़े गए ठग से पूछताछ कर रही है। कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर निवासी साजन गुप्ता की मोहल्ला महाजनान बाजार में सराफा की दुकान है। बुधवार शाम चार बजे ग्राहक बनकर एक ठग उनकी दुकान पर पहुंचा। उनसे कहा कि सोने की एक अंगूठी, एक पेंडल, एक झाले का सेट बेचना है। व्यापारी जेवरों पर हॉलमार्क मोहर लगी हुई देखी। शक होने पर उन्होंने कुछ देर रुकने के लिए कहा। उन्होंने कारीगर से जेवर चेक कराए तो नकली निकले। इस पर व्यापारी ने ठग को पकड़ लिया और अन्य सराफा व्यापारियों को बुला लिया। पता लगने पर पहुंची पुलिस ठग को थाने पर ले गई। पकड़ा गया युवक मिर्जापुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसने बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने उसे जेवर बेचने के लिए दिए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया जांच की जा रही है।

### खेत बेचने का झांसा देकर रुपये हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

**बंडा।** नई बस्ती निवासी महेश योगी ने पुलिस को बताया कि अब से लगभग एक साल पूर्व उसने गांव दलेलपुर निवासी लालाराम शर्मा से एक किता खेत ग्राम चिल्हौटा स्थित क्रय करने हेतु बतौर बयाना दो लाख रुपये कांतिस्वरूप शुक्ला के खाते के चेक के माध्यम से दिया था। विपक्षी लालाराम द्वारा बयाने के रुपये हड़प लिए गए। रुपये मांगने पर 17 फरवरी 2024 को लालाराम ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इस पर पुलिस ने लालाराम के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**तिलहर।** भुड़ेली गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि सात फरवरी को शाम लगभग 7 बजे उनके पिता नरेश चंद्र तिलहर से बाजार कर पैदल गांव वापस आ रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। कल्याणपुर गांव निवासी पवन कुमार सिंह ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए नरेश चंद्र को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव डुही जदीद निवासी मैकू ने बताया कि नौ फरवरी की शाम पांच बजे अपने घर के आंगन में बैठा था। गांव का अटल बिहारी अपने साथियों के साथ घर के अंदर घुस आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।आरोपियों को सत्ता पक्ष का संरक्षण प्राप्त है। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी अटल बिहारी, रामबाबू, छोटे, मोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# विवाहिता की मौत पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**तिलहर,अमृत विचार:** विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित छह लोगों के के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने मृतका के आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम धनेली महेश निवासी मोहित यादव की पत्नी रूबी की घर के कमरे में छत के कुंडे से लाश लटकी मिली थी। मैगलगंज के मोहल्ला पुरानी बस्ती निवासी पिता रामकुमार ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी 14 मई 2022 को हुई थी। शादी के बाद ससुराल वाले सोने की चेन और बाइक की मांग को लेकर रूबी का उत्पीड़न करते रहे। उन्होंने मृतका के पति मोहित यादव, ससुर रामवीर, सास रानी, देवर रोहित, देवरानी मालती सहित छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# शादी करने से मना करने पर विधवा ने की थी आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**▸▸ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**▸▸ 19 फरवरी को लोकलाज के कारण कर ली थी आत्महत्या**

**अमृत विचार:** महिला फूलमती के फंदे पर लटककर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी ने महिला से शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बना लिए थे। आरोपी ने शादी करने से मना किया तो लोकलाज से महिला ने जान दे दी थी।



मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर की एक विधवा का शव सोमवार शाम कमरे में कुंडे से लटका मिला था। उसकी सास गोशाला में रहती है। विधवा गरीबी के चक्कर में मदनापुर क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोर में काम करती थी। कोल्ड स्टोर में कार्यरत कौशल ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का झासा देकर अवैध संबंध बना लिए। उसने शादी के लिए कहा तो आरोपी कौशल ने मना कर दिया था। 19 फरवरी को लोकलाज के कारण विधवा ने अपने घर पूरनपुर में कुंडे से साड़ी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। एसओ अश्वनी कुमार ने बताया कि आरोपी कौशल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**मनमानी** बाजारों में सड़क किनारे खड़े रहते हैं चार पहिया वाहन, पुलिस नहीं करती चालान, शहर में बने पार्किंग स्थल रहते हैं खाली

# कप्तान का आदेश बेअसर, पार्किंग स्थल बन गए सड़कों के फुटपाथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि शहर में फुटपाथ पर चार पहिया वाहन खड़े पाए जाने पर चालान कर दिया जाएगा। मगर वाहन मालिकों पर इस चेतावनी का कोई असर नहीं पड़ा। बाजार में फुटपाथ पर चार पहिया वाहन खड़े रहते है और चालान नहीं किया जाते है। जबकि वाहन पार्किंग स्थल खाली पड़े है।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने 14 जनवरी को आदेश जारी किया था कि पंखी चौराहे से घंटाघर तक वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की था। पंखी चौराहा से घंटाघर तक दो पहिया वाहन के अलावा ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन नहीं जाएगे। जबकि, घंटाघर से पंखी चौराहा तक ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन आएंगे। मुख्य बाजार में सड़क की फुटपाथ पर चार पहिया वाहन खड़े नहीं होगे। यहां वाहन खड़ा मिलने पर चालान कर दिया जाएगा। चार पहिया वाहन के खड़े करने के लिए शहीद द्वार, जेल के पीछे, बहादुरगंज में पॉवर हाउस तथा गोविंदगंज ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग स्थल बनाए थे। मगर पुलिस प्रशासन का चार पहिया वाहन मालिकों पर कोई असर नहीं पड़ा है। लोग बाजार में फुटपाथ पर वाहन खड़ा करके खरीददारी करने चले जाते है। सदर बाजार चौराहे से पंखी चौराहे, पंखी चौराहे से निशात रोड, खिरनीबाग में राम प्रसाद बिस्मिल, बहादुरगंज पंचराहा, आर्य महिला डिग्री कॉलेज के सामने, बहादुरगंज-घंटाघर रोड पर चार पहिया वाहन खड़े रहते है। इसके अलावा बहादुरगंज चौराहे पर ठेले सड़क पर खड़े रहते है। इसके अलावा ई-रिक्शा बहादुरगंज पचराहे से बहादुरगंज की तरफ घुस जाते है। सड़क पर चार पहिया वाहन और ई-रिक्शा को लेकर जगह-जगह जाम की स्थिति बन जाती है। वाहन पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा न होने से पार्किंग स्थल खाली पड़े रहते है। बाजार में जगह-जगह जाम की स्थिति रहती है।



सदर बाजार में फुटपाथ पर खड़े वाहन। ● अमृत विचार



गोविंदगंज रेलवे ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ा पार्किंग स्थल।

### जेल से बंदी लाने वाले वाहन चालकों को दिक्कत

एसपी कार्यालय के सामने मैजिस्टिक रोड की तरफ जाने वाले कोर्ट के गेट संख्या छह के बाहर सड़क पर लोग बाइक और चार पहिया वाहन खड़ा करके चले जाते है। साथ ही पुलिस का वाहन सुबह जेल से बंदियों को कोट पर पेशी पर लाती है और गेट नंबर छह से हवालात में ले जाती है। पुलिस के वाहन निकलने में काफी दिक्कत होती है। आए दिन सिपाहियों की वाहन मालिकों से नोकझोंक होती है।

सड़क के फुटपाथ चार पहिया वाहन खड़ा करने वालों के वाहनों का समय-समय पर चालान किया जाता है। कई वाहनों को सीज भी किया गया है। जनवरी से अब तक यातायात नियमों का उल्लंगन करने पर 3143 वाहनों का चालान किया जा चुका है। **-बालकृष्ण यादव,** यातायात निरीक्षक

### रेलवे फाटक पर निकलना मुश्किल

**शाहजहांपुर।** रेलवे फाटक के निकट रेलवे की जमीन पर ठेले और ई-रिक्शा वालों ने कब्जा कर लिया है। रेलवे फाटक के पास से निकलना लोगों का मुश्किल हो जाता है। यदि गेटमैन ठेले और ई-रिक्शा वालों को फाटक के पास खड़ा करने से मना करता है तो ठेले वाले झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है। जबकि आरपीएफ कों फाटक के पास हटवाना चाहिए। इसी प्रकार रेलवे फाटक से पुलिस लाइन तिराहे तक दुकानदारों ने दुकाने आगे बढ़ा ली है। लोगों का पैदल तक निकलना मुश्किल हो जाता है।

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab



डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient



उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler ) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना । ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज । ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना । (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज । (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना । (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ ग्राम प्रधान/ नगर पंचायत/चेयरमैन/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनानी


# नहर कटने से खेतों में फसलें हुईं जलमग्न

## तालाब से निकल गईं पांच लाख की मछलियां, ग्रामीण सुबह को जागे तो हर तरफ नजर आया पानी

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** निगोही इलाके में धुल्लिया गांव के पास मंगलवार रात छोटी नहर कटने पर खेतों में पानी भरने से फसलें जलमग्न हो गईं। नहर का पानी भरने से तालाब से करीब पांच लाख रुपये कीमत की मछलियां बह गईं। पानी गांव के नजदीक तक पहुंच गया। ग्रामीणों को इसकी जानकारी बुधवार सुबह जागने पर हुई। प्रधान ने सींचपाल को सूचना देकर नहर का कटान बंद कराया।

धुल्लिया गांव के पास से पीलीभीत के बिलसंडा क्षेत्र की ओर से छोटी नहर निकली है, जो ईंटगांव रजबहा के नाम से जानी जाती है। यह निगोही क्षेत्र में तालगांव, लोहरगवां, जिंदपुरा, धुल्लिया, जठियुरा, जठियापुर, ऊंनकला, पिपरिया भानपुर होते हुए उदरिया तक जाती है। इस नहर से किसान फसलों की सिंचाई करते हैं। वर्षो से नहर की सफाई नहीं होने से आसपास किनारे की मिट्टी हट गई है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार नहर विभाग में की थी, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ।



खेतों में भरा नहर का पानी। ● अमृत विचार

मंगलवार रात में किसी समय धुल्लिया गांव के पास नहर में कटान हो गया। नहर के पानी का बहाव खेतों की तरफ हो गया, जिससे आसपास के खेत लबालब भर गए और पानी धुल्लिया गांव के नजदीक तक पहुंच गया। सुबह जब गांव के लोग खेतों की ओर पहुंचे तो देखा कि गांव के नजदीक पानी ही पानी नजर आ रहा है। दूर तक नजर दौड़ाने पर खेतों में पानी नजर आ रहा था। नहर के नजदीक जाने पर पता चला कि नहर में कटान हो गया है। इसके बाद गांव के लोगों ने प्रधान वीरेश सिंह यादव को जानकारी दी, तब फिर उन्होंने सींचपाल बलराम को मामले की जानकारी दी, तब फिर नहर कटान को बंद किया गया। नहर में हुए कटान से पानी का भराव होने से धुल्लिया गांव के इरशाद के तालाब से पांच लाख की मछली निकल गई। भगत का 20 बीघा गेहूं, जिन्दपुरा के कल्लू का पांच बीघा गेहूं, मल्लू का पांच बीघा गेहूं, दो बीघा मस्जिद का, अहिराज का छह बीघा गेहूं सहित लगभग 50 बीघा गेहूं डूब गया।

> जानकारी होने पर नहर विभाग के सींचपाल बलराम को बताया गया। इसके बाद नहर का कटान बंद करके पानी के बहाव को रोक दिया गया।
> – **वीरेश सिंह यादव**, प्रधान धुल्लिया



गांव के पास से होकर निकली छोटी नहर वैसे तो किसानों के लिए वरदान है लेकिन नहर विभाग के देखरेख के अभाव में जगह-जगह किनारे कमजोर हो गए है, जिनसे कभी भी कटान हो सकता है।
– **अशिब हुसैन**, जिन्दपुरा



गांव के पास से होकर निकली नहर के किनारों पर कटान हो गया था, कभी भी पानी का बहाव खेतों की तरफ हो सकता है, इस मामले में कई बार नहर विभाग के लोगों को चेताया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ।– **कल्लू**



नहर के कटान के संबंध में पहले ही नहर विभाग के कर्मचारियों को चेताया गया था, आखिरकार कटान होने पर फसल को नुकसान हो गया, तब जाकर कटान बंद किया गया लेकिन इसे मजबूत नहीं किया गया।
–**बल्ले हुसैन**

# पुलिस 10 दिन में नहीं कर पाई चोरी का खुलासा

**पुवायां, अमृत विचार :** मैजिक में महिला के बैग से जेवर व नगदी चोरी होने के मामले का पुलिस 10 दिनों बाद भी खुलासा नहीं कर सकी। पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर की खुलासे की मांग की। नगर के मोहल्ला तिराहा बाजार निवासी पत्रकार राजेश गुप्ता की पत्नी मीनू 12 फरवरी को दोपहर लगभग एक बजे राजीव चौक से सीतापुर जाने के लिए मैजिक में बैठीं। उनके मना करने के बावजूद चालक ने उनका बैग मैजिक की छत पर रख दिया।

▸▸ **पीड़ित ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर की खुलासे की मांग**

शाहजहांपुर में मैजिक से उतरने पर मीनू ने देखा तो उनके बैग से जेवर और रुपये गायब थे। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। मगर पुलिस सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे चोर की पहचान अब तक नहीं कर सकी है। पुलिस ने मैजिक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

# पति की मौत के बाद हिस्सा लेने पहुंची पत्नी

▸▸ **पिछले पांच वर्षों से अलग रह रही है, दिन भर थाने में बैठे रहे मृतक के पिता व बहनोई**

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में पति की मौत के बाद पत्नी अपना हिस्सा लेने परिजनों के साथ ससुराल पहुंच गई। मृतक के पिता ने मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अंतिम संस्कार तक ससुर सहित तीन लोगों को थाने में बैठा लिया था।

मंगलवार को थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कालोनी गली नंबर एक निवासी प्रमोद कुमार बाजपेयी का पुत्र संजीव कुमार अटसलिया स्थित एक नमकीन फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार की दोपहर वह खाना खाकर साइकिल से वापस फैक्ट्री जा रहा था, तभी अटसलिया ओवरब्रिज के पास किसी वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पति की मौत की खबर सुनकर उसकी पत्नी रजनी देवी अपने दो बच्चों, पिता कमलेश व बहनोई श्याम के साथ ससुराल पहुंची। ससुर प्रमोद कुमार बाजपेयी ने मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी। तहरीर में कहा गया कि उसके पुत्र संजीव कुमार की शादी दस वर्ष पूर्व थाना रोजा के गांव जलालपुर निवासी कमलेश कुमार की पुत्री रजनी देवी के साथ हुई थी। पांच वर्ष बाद रजनी देवी उसके पुत्र को छोड़कर बच्चों के साथ मायके चली गई और न्यायालय में गुजारा भत्ता व दहेज अधिनियम के मुकदमे दायर दिये थे। न्यायालय के आदेश पर पांच हजार रुपये प्रति माह गुजारा भत्ता दिया जाता है। आरोप हैं कि संजीव की मौत की खबर मिलने पर रजनी देवी, उसके पिता कमलेश व बहनोई श्याम कुछ अन्य लोग आ धमके और मकान पर कब्जा करने को लेकर झगड़ा करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस पत्नी रजनी के पिता कमलेश व बहनोई सहित तीन लोगों को थाने ले आई थी। शाम को पुलिस ने सभी को हिदायत देकर छोड़ दिया है।

> मृतक संजीव के पिता प्रमोद कुमार बाजपेई की शिकायत पर मृतक के ससुर, साढ़ू को थाने ले आया गया था, ताकि अंतिम संस्कार तक शांति व्यवस्था कायम रहे, बाद में हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।
> – **राजीव कुमार**, थाना प्रभारी रोजा, शाहजहांपुर

# वाहन की टक्कर से महिला स्वास्थ्य कर्मी घायल

**भावलखेड़ा, अमृत विचार:** सल्लिया जमालपुर के पास बुधवार दोपहर पेट्रोल पंप के सामने अज्ञान वाहन में महिला स्वास्थ्य कर्मी संध्या को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। संध्या ड्यूटी खत्म होने के बाद शाहजहांपुर स्थित अपने घर जाने के लिए निकलीं थीं, तभी हादसे का शिकार हो गईं। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। डाक कर्मी अशोक कुमार ने फोन से रोजा पुलिस के सीयूजी नंबर पर कॉल की लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ, तब उन्होंने ई-रिक्शा के जरिये घायल संध्या को भावलखेड़ा अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे का पता लगने पर परिजना भी अस्पताल पहुंच गए।

# बंडा में पिछले साल की अपेक्षा इस बार सात गुना जले अलाव

▸▸ **भाकियू राष्ट्रवादी तहसील अध्यक्ष ने बंदरबांट करने का लगाया आरोप**

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** ठंड के दौरान बंडा में जलाए गए अलाव में पिछले साल की अपेक्षा इस बार सात गुना लकड़ी जलाई गई। किसान यूनियन राष्ट्रवादी गुट ने अलाव जलाने के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट कर लिए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है।भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी गुट के तहसील अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पत्र भेजकर बताया कि नगर पंचायत बंडा में ईओ और चेयरमैन की मिलीभगत के चलते चहेते ठेकेदार को अलाव जलाए जाने का ठेका दे दिया था, जिसमें ठेकेदार ने गीली लकड़ी खरीदकर महज दस स्थानों पर अलाव जलवाए जबकि पिछली साल कड़ाके की ठंड में 350 क्विंटल लकड़ी की खरीद करके 24 जगहों पर अलाव लगवाए गए थे । मिलीभगत के चलते इस बार अलाव जलवाए जाने का टेंडर चेयरमैन के खास ठेकेदार को दिलाया गया। ईओ सत्येंद्र प्रकाशने बताया कि 21 सौ क्विंटल लकड़ी जलाने का आरोप गलत है। यहां करीब 700 से 800 क्विंटल लकड़ी जलाई गई थी, बाद में भी अलाव जलाए गए हैं।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव



डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


# नवदिया ओरीलाल में चला सफाई अभियान

**खबर का असर**

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** ब्लॉक प्रमुख के निर्देश पर बुधवार को नवदिया ओरीलाल में बुधवार को सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों की टीम ने नालियों से गंदगी निकाली और रास्तों से कीचड़ हटाई।

जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गांव नवदिया ओरीलाल में नालियों में गंदगी और रास्तों पर जलभराव व कीचड़ थी। इसकी वजह से लोग खासे परेशान थे। 20 फरवरी को अमृत विचार में नवदिया ओरीलाल की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर छपने के बाद यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो कर्मचारियों पर नाराजगी जताई। साथ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बुधवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने जिम्मेदारों की कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद अधिकारी और प्रधान सफाई कर्मियों की टीम के साथ नवदिया ओरीलाल गांव पहुंचे। जहां अभियान चलाकर सफाई की गई। नालियों से गंदगी निकलवाने के बाद पानी छुड़वाया गया। गई। रास्तों से कीचड़ हटवाई गई।

यहां सामुदायिक शौचालय में पानी और लाइट की सुविधा नहीं है। अधिकारी जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कह रहे हैं।



ओरीलाल में सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



जलभराव से गलियारे दलदल में हुए तब्दील...लोग बेबस

20 फरवरी को प्रकाशित खबर।

▸▸ **ब्लॉक प्रमुख के निर्देश पर गांव में चला सफाई अभियान**

▸▸ **अमृत विचार में खबर छपने के बाद अधिकारियों ने लिया संज्ञान**

> सफाई कर्मचारियों को भेजकर गांव नवदिया ओरीलाल में सफाई कराई गई है। शौचालय जल्द शुरू करा दिया जाएगा।
> – **नमित दीक्षित** ब्लॉक प्रमुख, खुटार

# व्यापारी नेता के पिता के निधन पर शोकसभा आयोजित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** उद्योग व्यापार मंडल की बैठक मंगलवार को संगठन के कैंप कार्यालय में हुई। बैठक में व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल के पिता पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर सदस्यों ने शोक प्रकट किया और दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे मोक्षधाम खन्नौत पुल पर अंतिम संस्कार होगा। बैठक में जिला महामंत्री नाजिम खां, कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, नगर अध्यक्ष संजीव राठौर, महामंत्री अतुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सेठी, कमाल फहीम, शाहबाज खां, प्रेम नारंग, सुनील गुप्ता, राजेश जायसवाल, गौरव वल्लभ गुप्ता, अरविंद गुप्ता, शकील अहमद, अमित पांडे, हरिओम अग्रवाल, जितेंद्र वर्मा रहे।

# पुवायां कस्बे के राजीव चौक पर नहीं लगवाए गए खुफिया कैमरे

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** तहसील का सर्वाधिक व्यस्त राजीव चौक पर एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। इससे आए दिन डग्गामार वाहनों में होने वाली चोरियों का खुलासा नहीं हो पाता है। वहीं, नो पार्किंग में अवैध टैक्सी स्टैंड पर भी रोक नहीं लगी।

कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता से अनुरोध किया था कि वह नगर पालिका की ओर से राजीव चौक से 200 मीटर की दूरी तक हर सड़क पर सीसीटीवी कैमरे सार्वजनिक निगरानी करने के लिए लगवा दें लेकिन आज तक हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे नहीं लग सके हैं। सभी मार्गों के कुछ प्रमुख दुकानदारों के द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं लेकिन कैमरा को झुकाकर लगाए जाने के कारण दुकानों पर लगे हुए कैमरे में सड़क पर हो रही गतिविधियों की कोई भी वीडियो फुटेज नहीं नजर आती है। दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी की पिक्चर क्वालिटी भी अत्यंत खराब होती है। अगर नगर पालिका के द्वारा अथवा जिला प्रशासन के द्वारा राजीव चौक से निकलने वाले सभी रोडो पर 200 मीटर की दूरी तक हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए जाए तो भविष्य में होने वाली चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा।



पुवायां में राजीव चौक पर नो पार्किंग में खड़े डग्गामार वाहन। ● अमृत विचार

▸▸ **कोतवाल ने पालिका अध्यक्ष से कैमरे लगाए जाने की मांग की थी, अब तक नहीं हुई पूरी**

# न्यायालय परिसर में पिंक शौचालय का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



न्यायालय परिसर में पिंक शौचालय का लोकार्पण करते जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा।

**अमृत विचार:** न्यायालय परिसर में नगर निगम के सहयोग से नवनिर्मित पांच सीटेड पिंक शौचालय का लोकार्पण बुधवार को जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा ने किया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालय परिसर में महिलाओं के लिए शौचालय की आवश्यकता बहुत समय से महसूस की जा रही थी। अब चूंकि शौचालय बनकर तैयार हो गया है। इससे न्यायालय में आने वाली महिला वादकारियों, अधिवक्ताओं तथा कर्मचारी को लाभ होगा। इस दौरान नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुनील श्रीवास्तव, पीठासीन अधिकारी रुपेश रंजन, अरविंद राय, आलोक कुमार शुक्ल, एहसान हुसैन, चंद्र मोहन चतुर्वेदी, पीयूष तिवारी, महिला न्यायिक अधिकारी अपर्णा त्रिपाठी, लवी यादव, असमा सुल्ताना, हिना कौसर, अवंतिका त्रिपाठी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, अधिशाषी अभियंता आशीष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की घेराबंदी से बचकर खिरनी बाग पहुंचे किसान

## नियामतपुर मोड़ के पास पुलिस ने रोका तो भिड़ गए किसान, नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


नियामतपुर मोड़ के पास किसान नेताओं को रोकने की कोशिश करते अधिकारी।

**अमृत विचार:** पुलिस की घेराबंदी से बचकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट से जुड़े किसान खिरनी बाग रामलीला मैदान जा पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। इससे पहले किसानों की पुवायां रोड नियामतपुर मोड़ पर पुलिस से नोकझोंक हुई। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के आश्वासन पर आगे जा पाए।

भाकियू कार्यकर्ता जिला महासचिव कुलदीप सिंह के नेतृत्व में बुधवार को पूर्वाह्न करीब 12 बजे खिरनीबाग रामलीला मैदान में इकट्ठे हुए। ज्ञापन में कहा गया है कि मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखें, भोजन, दवाओं और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी हटाई जाए। पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में काफी कमी करें। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांगों, खिलाड़ियों को रेलवे द्वारा कोविड के बहाने वापस ली गईं रियायतें बहाल की जाएं, खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाया जाए, सभी के लिए मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी, नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द करें, सभी के लिए आवास सुनिश्चित करें। बिजली संशोधन विधेयक 2022 वापस लिया जाए। किसानों के बीज, उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी बढ़ाई जाए, किसानों की उपज के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और खरीद की गारंटी दी जाए। एनपीएस को खत्म करें, ओपीएस को बहाल करें और सभी को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करें। व्यापक ऋण माफी योजना की घोषणा की जाए, केंद्र सरकार द्वारा दिए गए लिखित आश्वासनों को लागू किया जाए, सभी शहीद किसानों के लिए सिंधू सीमा पर स्मारक बनाया जाए और मुआवजा दिया और गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी पर मुकदमा चलाया जाए, किसानों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। ज्ञापन देने वालों में गगनदीप, रीता देवी, गेंदनलाल, देवेंद्रपाल, माधुरी कुशवाहा, आदित्य प्रताप सिंह, बाबूराम, निरंकार आदि किसान मौजूद रहे।

### किसानों को रोकने के लिए की गई थी मोर्चाबंदी

भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह ने बताया कि किसानों के जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन को विफल करने के लिए पुलिस ने जिले की सभी सीमाओं पर बेरीकेडिंग कर रखी थी। पुवायां, बंडा, तिलहर आदि स्थानों से आ रहे किसानों को वहां की पुलिस ने रोक दिया। पुवायां रोड पर नियामतपुर मोड़ के पास किसानों को रोकने की कोशिश की गई। तब भी तमाम किसान खिरनीबाग रामलीला मैदान पहुंच गए।

### वायदे जल्द पूरे न हुए तो दिल्ली कूच करेंगे यूनियन कार्यकर्ता



**पुवायां।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के पदाधिकारियों ने बुधवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व डीएम को संबोधित मांग पत्र एसडीएम संजय पांडे को सौंपा। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले सरकार ने जो वायदे किसानों से किए थे वे अभी तक पूरे नहीं किए गए हैं।जिस कारण किसानों को दोबारा आंदोलन करना पड़ा है। किसानों ने कहा कि वादे पूरे नहीं हुए तो यूनियन कार्यकर्ता दिल्ली कूंच करने को बाध्य होंगे। साथ ही ज्ञापन में बताया गया कि सरकार फसलों की एमएसपी पर खरीद गारंटी कानून बनाए। किसानों का कर्ज माफ किया जाए और 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाए। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 एक्ट फिर से लागू किया जाए। आंदोलन में मारे गए किसान के परिवार वालों को मुआवजा और नौकरी दी जाए। मनरेगा के तहत प्रतिवर्ष 200 दिनों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया जाए। मजदूरी 700 की जाए। मुक्त व्यापार समझौते पर रोक लगानी चाहिए। लखीमपुर तिकुनिया कांड में दोषियों को सजा मिले और किसानों को जेल से रिहा किया जाए। बिजली संशोधन विधेयक 2020 रद्द किया जाए। इस बीच तहसील अध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी से काफी देर तक वार्ता हुई और पूर्व में दिए गए ज्ञापन की समस्याओं का हाल न होने पर उन्हें भी दोहराया गया। अधिकारियों ने कई समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया और कहा टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित किया जाएगा। तहसीलदार से किसानों की काफी तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश तराई सुखदेव सिंह खिंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष करमजीत सिंह, संजय मिश्रा तहसील उपाध्यक्ष, भाईलाल, कल्याण सिंह, जबर सिंह, संतोष कुमार आदि लोग रहे। उधर, राजीव चौक पर क्षेत्राधिकारी पंकज पंत किसान आंदोलन में भाग लेने के लिए स्थानीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को जाने की संभावना के चलते काफी देर तक राजीव चौक पर बंडा थाना अध्यक्ष ताकेश मौर्य के साथ मौजूद रहे और किसान नेताओं पर नजर बनाए रहे।


# मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

नाक, कान, गला रोग विभाग

दूरबीन द्वारा मुफ्त नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन (बिना चीरे के)

दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 तक

समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

शिविर में आये हुए मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें

- ब्लड शुगर मुफ्त • आँख की सिरिंजिंग मुफ्त
- खून की जाँच (CBC) मुफ्त
- गुर्दे की जाँच (KFT) व लीवर की जाँच (LFT) मुफ्त
- दूरबीन से नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन मुफ्त (दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- CT Scan 50% छूट पर
- SERUM ELECTROLYTE 50% छूट पर
- VIRAL MARKERS (एच.आई.वी., एच.सी.वी., हेपेटाइटिस बी) 50% छूट पर




निम्न रोगों का मुफ्त परामर्श :-

- आँखों से ज्यादा आँसू बहना, नासूर में ब्लॉकेज, आँख के पास सूजन/आँख से मवाद आना।

ओ.पी.डी. पंजीकरण शुल्क मात्र 50/- रुपये

पर्चा बनवाने के लिए OPD पंजीकरण काउंटर नं. 61 पर जायें।
स्थान : कमरा नं. 248 नाक, कान एवं गला रोग ओ.पी.डी.

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

Mob. 7521001988, 7521001989


## लेखाधिकारी से जीपीएफ पर्ची की मांग

**शाहजहांपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को लेखाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें छह सूत्रीय मांगपत्र दिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जिन शिक्षकों का जीपीएफ काटा जा रहा है, उन्हें नियमित रूप से लेखा पर्ची उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जीआईएस बीमा की काटी गई धनराशि शिक्षकों को उपलब्ध कराई जाए, सत्यापन करा चुके शिक्षकों को अवशेष का भुगतान कराया जाए। साथ ही जीपीएफ से ऋण समय पर उपलब्ध कराया जाए। इसमें टाल-मटोल न की जाए। प्रतिनिधिमंडल में यशपाल सिंह, प्रदीप सिंह, राजकुमार सिंह, नितिन मिश्रा, कृष्ण कुमार सिंह, प्रदीप जायसवाल, जुल्फिकार अली, रूपेश द्विवेदी आदि शामिल रहे।

# पोस्टर मेकिंग में कृतिका व साध्या ने जीता स्वर्ण पदक



संत कृपाल एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



प्रतियोगिता में विजयी रहने पर मिले पुरस्कार के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संत कृपाल एकेडमी में वर्ष भर चलीं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**अमृत विचार :** संत कृपाल एकेडमी में वर्ष भर चलीं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बुधवार को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव और विशिष्ट अतिथि ओंकार मनीषी ने बच्चों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र दिए। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम संत कृपाल सिंह महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर आरंभ किया। बच्चों ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। प्रबंध निदेशक सुशील रस्तोगी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने बच्चों को पुरस्कार बांटे।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कृतिका गुप्ता और साध्या अग्रवाल ने स्वर्ण पदक, कृतिका रस्तोगी व अथर्व कश्यप ने रजत पदक व परिधि रस्तोगी व शिवाय वर्मा को कांस्य पदक प्राप्त मिला। कार्ड मेकिंग व फोटो फ्रेम प्रतियोगिता में ताशू, कृतिका गुप्ता, शुभ कपूर, समृद्धि सिंह, अक्षिता सिंह, सार्थक, आकृषि, शुभ, तनिष्का बाथम, मीत शर्मा, आदेश, कृतिका, मेहंदी में क्रिस्टल बाथम, कृतिका रस्तोगी, सरिता सुमन, राखी बनाओ प्रतियोगिता में कृतिका गुप्ता, इशिका गुप्ता, अदित्रि गुप्ता, नंदनी शर्मा, प्रियांशी गुप्ता, शौर्य शुक्ला ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त किए।पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता में सरिता सुमन, आभा गुप्ता, कृतिका रस्तोगी, दोहा प्रतियोगिता में मरियम, ताशू, अक्षिता, रंगोली प्रतियोगिता में अनन्या, कृतिका, समृद्धि, मरियम, अक्षिता, क्रिस्टल, सरिता, आस्था, कृतिका, चौकी सजाओ में कृतिका गुप्ता, पल्लवी मिश्रा, अनन्या, वाल हैंगिंग और कंदील प्रतियोगिता में दिव्यांशी गुप्ता, प्रियांशी गुप्ता, सैशा, दीया और कैंडिल डेकोरेशन में सार्थक, इशिका, सिया रस्तोगी, वेदांत गुप्ता, आलिया, नंदनी शर्मा, दौड़ में शिविका, अनिका, वेद, फवाज़, नेहा, हद्दी, विधान, जैन, प्रिया, श्रीजा, श्रीयांश, ईशान, आराध्य, अन्विता, कृषांक, रसिका, आदित्य, स्वस्तिका, रयान, ईशनवी, उमैर आदि को पुरस्कृत किया गया। निदेशक श्वेता रस्तोगी ने आभार व्यक्त किया। स्टाफ के सदस्यों का सहयोग रहा।


# मुफ्त स्वास्थ्य मेला

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

25 फरवरी 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
रोजी पब्लिक स्कूल
कलान, शाहजहाँपुर

में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।

सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।

कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें

• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें

- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।

अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।

सौजन्य से : हेल्प लाइन सोसाइटी, शाहजहाँपुर
लोकनाथ तिवारी, (प्रिंसिपल) - मो. 7571007411

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989



Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RiSAA IVF

दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में




परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-

प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

हेल्पलाइन नं०
6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-

- निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, • टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
- इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, • ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
- उच्चतम सफलता दर, • विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :

IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11


# कबड्डी में सिकंदरपुर और वॉलीबाल में पहरुआ विजयी



मिर्जापुर में खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नेहरू युवा केंद्र की ओर से मिर्जापुर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद आयोजित

**अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद बुधवार को विकास खंड मिजार्पुर में कराए गए। श्री शिव मंगल सिंह डिग्री कॉलेज प्रांगण में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता प्राचार्य सुदीप श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आरंभ की।

कबड्डी में सिकंदरपुर की टीम विजेता और पहरुआ की टीम उप विजेता रही। वालीबॉल में पहरुआ की टीम विजेता और मौजमपुर की टीम उपविजेता रही। खो-खो में मिर्जापुर विजेता और पृथ्वीपुर उपविजेता बनी। सभी विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में राम नारायण सक्सेना, मनोज कुमार, सत्येंद्र प्रताप सिंह, रामदेव, राम मोहन, सुरजीत कुशवाहा आदि का सहयोग रहा।

# रेस्टोरेंट में कैमरे लगाने की मांग


एसपी को ज्ञापन देते बजरंगदल कार्यकर्ता।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बजरंग दल महानगर इकाई ने एसपी को ज्ञापन देकर शहर के रेस्टोरेंट, होटल, कैफे आदि में तत्काल सीसीटीवी लगाए जाने की मांग उठाई है।

महानगर संयोजक अंकित मिश्रा सम्राट ने एसपी को बताया कि पुलिस के निर्देश के बावजूद रेस्टोरेंट, होटल, कैफे आदि स्थानों पर न तो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और न ही चैंबर हटाए गए। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी के बाद पुन युवक-युवतियों से रुपये लेकर प्राइवेट चैंबर या अंदर से ही रूम की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है, जिनमें धड़ल्ले से अश्लीलता हो रही है। ज्ञापन देने वालों में महानगर प्रचार प्रमुख अनुभव गुप्ता, गोरक्षा प्रमुख प्रदीप प्रजापति, अजय मिश्रा, भीम प्रकाश गौतम, कुणाल राठौर, प्रांजल कश्यप, प्रियांशु सक्सेना, हिमांशु सक्सेना, हर्षित श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202


# पाक अधिकृत कश्मीर देश के लिए महत्वपूर्ण

## एसएस विधि महाविद्यालय में अध्ययन केंद्र ने संकल्प दिवस पर आयोजित की गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** संकल्प दिवस पर एसएस विधि महाविद्यालय में बुधवार को लद्दाख एवं जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार मिश्रा ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत के लिए सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती का अति प्राचीन मंदिर शारदा शक्ति पीठ यहीं स्थित है।



एसएस विधिव महाविद्यालय में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते डॉ. श्रीप्रकाश डबराल।

उन्होंने कहा कि भारत माता के आधे शीश को पाकिस्तान द्वारा धोखे से काट कर शेष भारत से अलग कर दिया गया और जबरिया कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के मूल निवासियों पर इतने जुल्म किए कि आज वहां की जनता एक स्वर से भारत सरकार से कार्रवाई की मांग कर रही है। डॉ. श्रीप्रकाश डबराल ने कहा कि जम्मू कश्मीर की सीमाएं पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान और रूस से मिलती हैं, जिसके कारण सामरिक दृष्टि से यह क्षेत्र भारत के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। अध्ययन केंद्र के संयोजक डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि संसद के दोनों सदनों में एकमत से 22 फरवरी 1994 को प्रस्ताव पारित कर संकल्प लिया गया था कि भारत अपनी एक-एक इंच भूमि को वापस लेगा। अध्ययन केंद्र ने इस विषय को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

इस अवसर पर डॉ. रमाशंकर पांडेय, डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ. चंदन गिरि गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. मंजीत कुमार ने किया।

## निपुण भारत मिशन को लेकर हुई चर्चा

**पुवायां, अमृत विचार:** शासन के आदेशानुसार ब्लाक पुवायां में संकुल शिक्षक की बैठक का आयोजन न्याय पंचायत जुझारपुर के तितुरा के प्राथमिक विद्यालय में किया गया। बैठक में निपुण भारत मिशन, फाइव प्वाइंट टूल किट, वार्षिक परीक्षा की तैयारी, निपुण आकलन, निपुण क्विज जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में संकुल शिक्षक अमिता शुक्ला ने पपेट से बैठक के प्रमुख बिंदु स्पष्ट किए। शिक्षक रश्मि त्रिपाठी, नूतन अग्रवाल ने कक्षा शिक्षण का डेमो प्रस्तुत किया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए अश्विनी अवस्थी ने कहा कि शिक्षकों को कक्षाओं के वातावरण में बदलाव लाने की जरूरत है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को एक 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें में बताया गया कि आवारा पशु किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अंबेडकर नगर मोहल्ले में गेट पर करीब 200 छुट्टा पशु बैठते हैं। उन्हें गोशाला भेजा जाए। अंबेडकर नगर मोहल्ले में नाले का पानी खुला छोड़ दिया गया है, जिससे जल भराव हो रहा है। गंदा पानी खाली प्लाटों में भर रहा है। रामतला रोड़ पर नगर पालिका की ओर से जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें घटिया सामिग्री व पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। शौचालयों की साफ-सफाई, टूटी पुलिया के निर्माण, और नगर पालिका में आउटसोर्सिंग व संविदा पर लगाए गए कर्मचारियों की संख्या बताए जाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान सपा नगर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता, साहब खान, आमोद गुप्ता, कलीम खान, जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# पुरस्कार वितरण के साथ शिविर समाप्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जी एफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की मिश्रित छात्र-छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन शिविरार्थी छात्र-छात्राओं ने कार्यस्थल कंपोजिट विद्यालय दिलाजाक में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खुशियां मनाईं।



शिविर के समापन पर श्रेष्ठ स्वयंसेवी को पुरस्कृत करते प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत से हुआ। शाजिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेवी आलिया, फरमान, एनुल हुदा ने सात दिवसीय शिविर पर आधारित सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। साथ ही एनुल हुदा ने शिविर की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए श्रेष्ठ विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।

● **जीएफ कॉलेज की मिश्रित इकाई के शिविर में हुए रंगारंग कार्यक्रम**

प्राचार्य ने युवाओं को कर्तव्यबोध कराते हुए समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी समझाई। प्राचार्य ने श्रेष्ठता के आधार पर ज़ाहिद, एनुलहुदा, फरमान, शाजिया, बिनीश, देवराज, आदित्य आदि को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कौसर जमाल ने आभार व्यक्त किया। डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. समन जहरा जैदी आदि मौजूद रहे।

## रमाकांत के विधानसभा संयोजक बनने पर हर्ष

**कलान, अमृत विचार :** भाजपा विधानसभा संयोजक रमाकांत मिश्र को बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया।



रमाकांत मिश्र।

इस मौके पर डॉ. मोहित मिश्रा, अशोक यादव, विपिन पांडेय, रामगोपाल वर्मा, विनोद गुप्ता, रणविजय सिंह, पप्पू सिंह, प्रधान राकेश मिश्रा, संतोष सिंह आदि थे।

## बिना परमिट कोटेदार ने कटवा दिए 13 पेड़

**खुटार, अमृत विचार :** नवदिया सरायं में कोटेदार ने आम, नीम और जामुन सहित करीब 13 पेड़ बिना परमिट के कटवा दिए गए और लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर बाहर भेज दिया गया। वन विभाग ने पेड़ कटान में जानकारी से इंकार कर पल्ला झाड़ लिया है। खुटार क्षेत्र के गांव नवदिया सरायं में दक्षिण दिशा की ओर आम का बाग है। यह बाग कोटेदार का है। बाग में 10 पेड़ आम, दो नीम और एक जामुन का पेड़ था। शिकायत करने वालों ने बताया कि बंडा ठेकेदार और कोटेदार ने पेड़ो का परमिट नहीं बनवाया।

● **एक ठेकेदार को बेची गई लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर बाहर भेजी**

उक्त लोगों ने वनकर्मियों से सांठगांठ कर ली और बुधवार सुबह पेड़ कटवाना शुरू कर दिया। लोगों ने हरे पेड़ काटे जाने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। लेकिन मामले की जानकारी से इंकार कर दिया। इसके बावजूद सूचना के बाद भी कार्यवाई तो दूर मौके पर पहुंच कर जांच करने की जरूरत नहीं समझी।

वनकर्मियों की लापरवाही के चलते ठेकेदार ट्रैक्टर ट्राली में लदवाकर लकड़ी को लेकर चला गया। तो वहीं, क्षेत्र में हुए कटान की भनक वनकर्मियों को नहीं लग पाई।

"विभागीय काम से बाहर आया हूं। मामले की जानकारी नहीं है। वनकर्मियों को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।
–मनोज श्रीवास्तव, रेंजर, वन रेंज खुटार


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत माता-पिता घायल

**फरीदपुर, अमृत विचार :** बाइक से मां-बाप के साथ रिश्तेदारी जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि घायल माता-पिता को पुलिस ने इलाज के बरेली भेजा। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भागने लगा, राहगीरों ने उसे पकड़ना चाहा तो वह ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लिया है। पीलीभीत के तहसील बीसलपुर के गांव चुर्रा सकतपुर निवासी रूपलाल (25) पिता रामासरे और माता के साथ बाइक से फतेहगंज पूर्वी के गांव इटोरिया रिश्तेदारी में जा रहा था, जैसे ही वह बाईपास पर अवध रितु होटल के पास पहुंचा बरेली की ओर से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे युवक और उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए बाइक भी छतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक समेत भागने लगा, लोगों ने दौड़कर पकड़ना चाहा तो खुद को घिरता देखकर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रामसेवक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से बरेली के अस्पताल भिजवाए जहां इलाज के दौरान बाइक चालक रूपलाल की मौत हो गई, पिता और माता का इलाज चल रहा है। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर ढाबे पर खड़ा किया है।

# आगे बाघ और पीछे ग्रामीण..असमंजस में निगरानी टीम

### पंडरी गांव में बाघ के पीछे दौड़ते रहे ग्रामीण, निगरानी टीम के हाथों जिम्मेदारी देकर बैठ गए अफसर, तीसरे दिन भी बाघ पकड़ में नहीं आया

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार:** पंडरी में बाघ हमले में हुई युवक की मौत के बाद ग्रामीणों में उपजा आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि बाघ की जानकारी लगते ही ग्रामीण खेतों की ओर दौड़ रहे हैं। आक्रोश को देखते हुए निगरानी टीम भी ग्रामीणों की भीड़ को रोकने में नाकाम साबित हो रही है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी में तीन दिन पूर्व बाघ ने गन्ने के खेत में युवक पंकज पर हमला कर मार डाला था। युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा था। हालात यह हो गए थे कि जिम्मेदारों को थानों की पुलिस के अलावा पीएसी को भी बुलाना पड़ा था। भाजपा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद द्वारा बाघ को पकड़ने के दिए गए आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने युवक के शव को उठाने दिया था। इधर, शासन के निर्देश पर वन अफसरों ने मंगलवार शाम से बाघ को पकड़ने की कवायद भी शुरू कर दी। गांव के समीप ही बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया गया है। डिप्टी रेंजरों के नेतृत्व में टीमें लगातार निगरानी भी कर रही है। गांव में कुछ हिस्से को सुरक्षित करने के लिए खाबड़ भी लगाया गया है। इसके बावजूद ग्रामीणों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है।

बुधवार को गांव में अफरा तफरी का माहौल देखा गया। वजह यह है कि युवक की जान लेने वाला बाघ गांव के इर्द-गिर्द की घूम रहा है। आलम यह था कि गांव वालों को जैसे ही बाघ के दिखने की जानकारी मिलती। ग्रामीणों की भीड़ उसी ओर खेतों में दौड़ते दिख रही थी। बुधवार दोपहर भी बाघ देख एक महिला के बेहोश होने की खबर जैसे ही ग्रामीणों को लगी। भीड़ उसी गन्ने के खेत में जा घुसी जहां बाघ होने की बात कही जा रही थी। हालांकि वहां सामाजिक वानिकी प्रभाग के डिप्टी रेंजर के नेतृत्व में निगरानी टीम भी मौजूद दिखी, लेकिन ग्रामीणों के आक्रोश के आगे टीम भी बेबस ही नजर आ रही थी।


खेत में बाघ दिखने की सूचना पर दौड़कर पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार


सरसों के खेत में दिखे बाघ के पगचिह्न।


निगरानी में लगी टीम। ● अमृत विचार

### तो हो सकती है कोई अनहोनी

शासन के निर्देश पर बाघ को पकड़ने की कवायद तो शुरू कर दी, लेकिन ऑपरेशन शुरू करने से पहले जिम्मेदारों ने कोई ठोस रणनीति ही नहीं बनाई। इस सबका खामियाजा निगरानी में लगने वाली टीमों को झेलना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि निहत्थे निगरानी में लगी टीम ग्रामीणों की भीड़ रोकने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रही है। खास बात यह है कि बुधवार को पूरे दिन अफरातफरी को माहौल रहा, टीम द्वारा अधिकारियों को भी जानकारी दी गई, लेकिन किसी अधिकारी ने मौके पर जाकर देखने तक की जहमत नहीं उठाई। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है।

बाघ का मूवमेंट गांव के आसपास ही देखा जा रहा है। पिंजड़ा लगाया गया है। टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। ग्रामीणों से अपील है कि वे सहयोग करें।
**– अंजनी कुमार श्रीवास्तव**, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग।

### पिंजड़े में कैद नहीं हुआ बाघ



महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी में आतंक मचाने वाला बाघ बुधवार को भी पिंजड़े में कैद नहीं हो सका। निगरानी टीम का नेतृत्व कर रहे डिप्टी रेंजर के मुताबिक बाघ की लोकेशन गांव के आसपास ही देखी जा रही है। शासन से अनुमति मिलने के बाद वन अफसरों के निर्देश पर गांव पंडरी में तालाब के समीप मंगलवार शाम पिंजड़ा लगाया गया था। वनकर्मियों द्वारा पिंजड़े के भीतर बकरी भी बांधी गई थी। इधर मंगलवार रात से लेकर बुधवार शाम तक बाघ की लोकेशन गांव के आसपास गन्ने के खेतों में देखी गई। कई स्थानों पर बाघ के पगचिह्न भी देखे गए। निगरानी टीम का नेतृत्व कर रहे डिप्टी रेंजर सुरेश वर्मा ने बताया कि बाघ की लोकेशन गांव के आसपास ही पाई गई है। लगातार निगरानी की जा रही है। इधर, टीम के साथ डब्ल्यूटीआई की प्रांजली भुजबल आदि भी मौजूद रहे।

## अपात्र को आवास देने पर सचिव फंसे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास की प्लस सूची में दो लाभार्थियों का चयन होने के बाद भी सचिव ने दोनों लाभार्थियों को अपात्र कर दिया। इतना ही नहीं जबकि एक अपात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दे दिया। मामले में जांच के बाद सचिव पर बैड एंट्री यानी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

मामला बरखेड़ा ब्लॉक के गांव मूढ़ासेमनगर उर्फ पंडरी का है। गांव के रहने वाले सुखलाल पुत्र छोटेलाल और बुद्धसेन पुत्र मोहनलाल का प्रधानमंत्री आवास प्लस सूची में नाम शामिल हुआ था। मगर ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार के द्वारा दोनों को अपात्र घोषित कर दिया। जबकि सोहनलाल पुत्र नोखेलाल जिनका पक्का आवास बना हुआ है। जिसे पात्र की श्रेणी में दिखाकर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दे दिया गया। जब पात्र लोगों को इसका लाभ नहीं मिला। पीड़ित ने इस मामले परियोजना निदेशक से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई तो सचिव पर लगे आरोप सही पाए गए। डीपीआरओ सतीश कुमार की ओर से सचिव राजकुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि यानी बैड एंट्री दी गई है।

### निघासन क्षेत्र के 11 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**निघासन।** तहसील क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा के लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा और उत्तर पुस्तिका संकलन सेंटर खोले गए हैं। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कई जगह बंद मिले सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराया। परीक्षा केंद्र और उत्तर पुस्तिकाओं का उप संकलन केंद्र बनाए गए कस्बे के जिला पंचायत इंटर कॉलेज के कमरों को भी देखा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## कठपुतलियों के जरिए दिखाई राम वनवास की लीला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विनोबा आश्रम में राम वनवास की लीला का मंचन करतीं कठपुतलियां।

- विनोबा सेवा आश्रम में तीन दिवसीय रामायण नाट्य कला उत्सव का आयोजन

**अमृत विचार :** बिनोवा सेवा आश्रम में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग की ओर से बुधवार को कला उत्सव शुरू किया गया। तीन दिवसीय रामायण नाट्य कला उत्सव में प्रतिदिन रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर कठपुतली के माध्यम से प्रस्तुतियां दी जाएंगी। पहले दिन स्थानीय गगनिका सांस्कृतिक समिति की ओर से पुतुल राम वनवास की प्रस्तुति दी गई।

मुख्य अतिथि छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित, विनोबा आश्रम के संस्थापक रमेश भइया और संरक्षक विमला बहन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। उत्सव समन्वयक कप्तान सिंह कर्णधार ने बताया कि गगनिका सांस्कृतिक समिति की ओर से पुतुल राम बनवास, केवट संवाद, शबरी मिलन आदि लीला का मंचन किया गया। कठपुतली के माध्यम से रामायण का मंचन देख दर्शक गदगद हुए। पुतुल प्रस्तुति में सुनील कुमार, वरुण कुमार, सुलोचना कार्की, नैन सिंह, गुंजन, दुष्यंत श्रीवास्तव, करण कुमार, दीपिका, रेहान आदि का सहयोग रहा। इससे पहले लखनऊ से आए कोऑर्डिनेटर रमेश चंद्र ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# मेडिकल लीव के दौरान सचिव ने निकाले 28.72 लाख, निलंबित

पीलीभीत कार्यालय

- जांच में दोषी पाए जाने पर डीपीआरओ ने की कार्रवाई
- कई प्रधानों के साथ षड्यंत्र रचकर की गई घपलेबाजी

**अमृत विचार:** पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान गठजोड़ का नया कारनामा सामने आया है। एक पंचायत सचिव ने ग्राम प्रधानों के साथ षड्यंत्र कर ग्राम निधि खातों से 28.72 लाख रुपये निकाल लिए। सचिव ने लाखों रुपये की धनराशि मेडिकल लीव पर रहने के दौरान निकाली। मामले का खुलासा होने पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया।

ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले अकसर प्रकाश में आते रहते हैं। इन मामले में लिप्त सचिवों और प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई भी होती रहती है। इन सबके बावजूद सरकारी धन के बंदरबांट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इधर सचिव और प्रधान गठजोड़ का एक नया मामला सामने आया है। मामला विकास खंड मरौरी का है। मरौरी ब्लॉक में तैनात सचिव अनिल कुमार ने आठ जनवरी से 18 फरवरी तक मेडिकल लीव ली थी। बताते हैं कि इस दौरान सचिव ने ग्राम प्रधानों के साथ षड्यंत्र रचकर डोंगल लगाकर ग्राम निधि खातों से लाखों रुपये की धनराशि निकाल ली। मामला अफसरों के संज्ञान में आया तो इसकी पड़ताल की गई। पता चला कि पंचायत सचिव अनिल कुमार ने मेडिकल लीव पर रहते हुए ग्राम प्रधानों के साथ षडयंत्र रचकर ग्राम निधि खातों से 28 लाख 72 हजार 806 रुपये निकाल लिए। यह धनराशि ग्राम पंचायत बनौसा, दियूनी बहादुरगंज, इग्घरा, कुर्रईया, मकतुल, सरायसुंदरपुर, अलकथान, लौकहा, नरायनठेर, प्रताप नगर समेत 12 ग्राम पंचायतों से निकाली गई। मामले का खुलासा होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने सचिव अनिल कुमार को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया। इस मामले की जांच ललौरीखेड़ा ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सौंपी गई है। पंचायत सचिव पर हुई कार्रवाई से सचिवों में खलबली मची हुई है। इधर, पंचायत सचिव का साथ देने वाले ग्राम प्रधानों में हड़कंप मचा हुआ है। बताते हैं कि ग्राम प्रधान सारा दारोमदार सचिव पर डालकर कार्रवाई से बचने की जुगत में लग गए हैं।

चिकित्सीय अवकाश के दौरान सचिव अनिल कुमार द्वारा ग्राम प्रधानों के साथ दुरभिसंधि करके ग्राम निधि खातों से धनराशि निकालने का खुलासा हुआ है। मामले में जांच के बाद दोषी पाते हुए सचिव को निलंबित किया गया है। **– सतीश कुमार**, डीपीआरओ।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/– रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## पीसीएस शगुन गुप्ता को किया सम्मानित

संवाददाता, पुवायां


शगुन को सम्मानित करती वैश्य समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

- शगुन ने पीसीएस परीक्षा पास कर समाज का नाम रोशन किया

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय सर्व वैश्य महासभा पुवायां में जनकल्याण स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पीसीएस शगुन गुप्ता पुत्री राकेश गुप्ता व सीमा गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शगुन गुप्ता ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करके वैश्य समाज का नाम रोशन किया है।

जिला अध्यक्ष कुमुद गुप्ता और महानगर अध्यक्ष रीता रानी गुप्ता ने माला पहना व उपहार देकर पुरस्कृत किया। नगर अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने फूलों का गुलदस्ता दिया। नगर महामंत्री आभा गुप्ता ने पटका ओढ़ाकर स्वागत किया। रीता रानी गुप्ता ने एक प्रतिमा उपहार में दी और सम्मानित किया। शगुन को अब लेबर कमिश्नर बनाया जायेगा। इस अवसर पर शगुन ने कहा कि सपने तो सभी लोग देखते हैं, लेकिन जो लोग कठिन मेहनत करते हैं और ठान लेते हैं उनके सपने हमेशा पूरे होते हैं। रीता रानी गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज की बेटी ने परीक्षा पास करके शहर व वैश्य समाज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कल्पना गुप्ता, देवेंद्री गुप्ता, कुमुद गुप्ता, सुनीता गुप्ता, कुसुम गुप्ता, प्रीती गुप्ता, रीता रानी गुप्ता, आभा गुप्ता, निशा गुप्ता, सीमा गुप्ता, मीना गुप्ता, वंदना वैश्य, कामनी गुप्ता, आशा गुप्ता, किरन गुप्ता आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मनोना धाम के महंत का किया स्वागत

**तिलहर, अमृत विचार:** मनोना धाम के महंत ओमेंद्र सिंह चौहान का कछियानी खेड़ा बालाजी धाम पर मूर्ति की स्थापना के लिए करणी सेना के पदाधिकारियों ने तिलहर में स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह के नेतृत्व में किए गए स्वागत के लिए बाइक रैली एवं डीजे के साथ यात्रा निकाली गई। जिसमें जगवीर सिंह राठौर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अचल शर्मा, आकाश गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, सचिन सिंह, अरविंद सिंह, जसवंत चौहान, अवनीश तोमर, शोभित मौर्य अभिरल भदौरिया अमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पलिया के 3 परीक्षा केंद्रों पर 3015 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**पलिया कलां।** पलिया नगर में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों पर 3015 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्र नगर के प्रमुख बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डोरी लाल भार्गव ने बताया कि केंद्र पर हाई स्कूल के 686 एवं इंटरमीडिएट के 629 परीक्षार्थी कुल 20 परीक्षा कक्षों में परीक्षा देंगे। सभी तैयारियां पूरी हैं। जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज पलिया के प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार सिंह भाटी ने बताया कि उनके विद्यालय में 1070 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं, साजदा बेगम पत्नी मरहूम शोएब कुरैशी, निवासी 336-ए, चक महमूद, थाना बारादरी, जिला बरेली ये सूचित करती हूँ मेरे पुत्र जोहेब कमाल पुत्र मरहूम शोएब कुरैशी का विवाह दि. 14.4.2012 को फारेहा रहमान पुत्री उवैदुरहमान, निवासी घेर जाफर खां, थाना बारादरी, जिला बरेली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। मेरे पुत्र के उसकी पत्नी से ताल्लुकात सही न होने के कारण उसने शरीयत के अनुसार प्रथम तलाक दि. 01.09.2023 को द्वितीय दि. 06.10.2023 को व तृतीय दि. 07.11.2023 को दे दिया है। जिसकी सूचना फारेहा रहमान को दे दी है। अब मेरा व मेरे पुत्र का फारेहा रहमान से कोई वास्ता नहीं है।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र आसिफ अली व पुत्रवधु रूमाबानों को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परेशान होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **मुनाजिर पुत्र तसब्बर अली, निवासी ग्राम जरेली, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी की मृत्यु दिनांक 29.07.2023 को हो चुकी है उनके नाम एक आवासीय मकान शाहदाना कॉलोनी बरेली में है इस संपत्ति पर पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से लोन चल रहा था जो पूरा हो चुका है। अब इस संपत्ति के कागजात पंकज राय पुत्र स्व. गोविंद राम को पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से छुड़वाने हैं। निवासी 23–B शाहदाना कॉलोनी, बरेली

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## जंगबहादुरगंज कांड में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जंगबहादुरगंज, अमृत विचार:** सोमवार की देर रात कस्बे में हुए गोलीकांड मामले में पसगवां पुलिस ने घायल के भाई शकील अहमद की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार की रात कस्बा निवासी सनील अपने घर जा रहा था। तभी तीन हमलावरों ने उसे गोली मार दी थी। गोली पैर में लगने से सनील गंभीर रूप से घायल हो गया था। उघायल के भाई शकील अहमद की तहरीर पर पसगवां पुलिस ने सद्दाम व जीशान निवासी मोहल्ला झवरापुरवां और नौसाद निवासी मोहल्ला अब्दुल्ला पुरवा कोतवाली देहात हरदोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग

पीलीभीत कार्यालय


एसपी अतुल शर्मा को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- एक दिन पूर्व व्यापारी के बंद मकान से हुई चोरी का भी मुद्दा रखा
- व्यापारी नेताओं ने एसपी से की मुलाकात, मामले में जानी प्रगति

**अमृत विचार:** एक बार फिर व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने एसपी से मुलाकात कर पूरनपुर में हुई चालीस लाख की डकैती के खुलासे और एक दिन पूर्व शहर में बंद मकान में हुई आठ लाख की चोरी के खुलासे की मांग रखी। घटना के बाद से भयभीत डकैती पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग भी की है। एसपी अतुल शर्मा ने प्रगति से अवगत कराते हुए जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।

30 जनवरी की रात पूरनपुर में किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के परिवार को बंधक बनाकर पांच बदमाशों ने चालीस लाख की डकैती की थी, जोकि अभी तक पुलिस नहीं खोल सकी है। कई बार व्यापारी नेताओं की ओर से अल्टीमेटम भी पुलिस को दिए जा चुके हैं। मंगलवार को पीड़ित व्यापारी ने डकैतों के भय से परिवार समेत यूपी छोड़ने की चेतावनी दी थी। इधर, शहर के मोहल्ला थान सिंह काला मंदिर निवासी गल्ला व्यापारी विपिन कुमार के बंद घर से चोर आठ लाख के नगदी -जेवरात ले गए थे और घर के सामान में आग लगा दी थी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की टीम पुलिस लाइन पहुंचकर एसपी से मिली।

## एक नजर

### अब्दुल्ला के दो पैनकार्ड मामले में विवेचकों ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर।** अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से दो विवेचकों ने बयान दर्ज कराएं।अब इस मामले में 26 फरवरी को सुनवाई होगी। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में विधायक आकाश सक्सेना ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है।अभियोजन की ओर से गवाही की प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को विवेचक प्रवीण कुमार, ऋषिपाल सिंह ने बयान दर्ज कराए। जिसके बाद दोनों विवेचकों से जिरह के लिए 26 फरवरी की तारीख नियत कर दी गई है।

### निजी अस्पताल में करीब 50 हजार का आता है खर्च, जीभ के नीचे गांठ आदि को न करें नजर अंदाज

# जिला अस्पताल: लार ग्रंथि में पथरी का सफल ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** पथरी, किडनी और पित्ताशय में ही नहीं, बल्कि लार ग्रन्थि में भी हो सकती है। लार ग्रन्थि में पथरी से पीड़ित एक मरीज का बुधवार को जिला अस्पताल में ऑपरेशन किया गया, जो सफल रहा।

ईएनटी सर्जन बताते है कि जुबान के नीचे छाला, गिल्टी होने के साथ किसी तरह का कड़ापन लगने पर बिना लापरवाही किए अस्पताल आकर दिखाए, जिससे शुरुआत में ही बीमारी की पहचान कर इलाज किया जा सके। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक सीएमएस डॉ. आईके रामचंदानी ने बताया कि लार ग्रंथि में पथरी से ग्रसित प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड धारक सुरेश कुमार (52) का मेडिकल कॉलेज के ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा ने टीम के साथ सफल ऑपरेशन किया। सर्जन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि मरीज ने पहले कहीं और ऑपरेशन कराया था, लेकिन असफल रहा, लेकिन जिला अस्पताल में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन किया गया है, जो सफल रहा। टीम के सहयोग से जटिल प्रक्रिया से गुजरते हुए लार की ग्रंथि में पथरी की वजह से पूरी ग्रंथि को ऑपरेशन करके निकाला गया है। मरीज के मुंह में पत्थर जैसी गांठ थी।। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर्य देश दीपक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की सेवाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा जटिल ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। टीम में जनरल सर्जन डॉ. आरके कोहली, एनेस्थेटिक डॉ. एसके मिश्रा और डॉ. सुधीर मौजूद रहे।



पथरी का ऑपरेशन करती डॉक्टरों की टीम। ● अमृत विचार

# जंक्शन यार्ड में ट्रेन की चपेट में आने से युवक के पैर कटे

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन यार्ड में मंगलवार देर रात श्रमजीवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक के दोनों पैर कट गए। आरपीएफ और जीआरपी ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

आरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार देर रात 12:30 बजे 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस से युवक के घायल होने की सूचना पर आरपीएफ स्टाफ मौके पर पहुंचा। पूछताछ में यात्री ने अपना नाम जावेद निवासी मोहल्ला मोहम्मद फारूक जिला पीलीभीत बताया। जावेद के पास रेल टिकट या पास नहीं था। उसके पास से मिले फोन से परिजनों को सूचना दी गई। बुधवार सुबह परिवार वाले अस्पताल पहुंचे जहां से उसे निजी अस्पताल ले गए।

### जंक्शन पर यात्री की मौत

बुधवार को बरेली जंक्शन पर बुधवार को 55 साल का व्यक्ति बेहोशी का हालत में मिला। आरपीएफ स्टाफ ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त कामेश्वर तिवारी निवासी जिला धार मध्य प्रदेश के रूप में हुई है।

# वही साक्षी मिश्रा... अब लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

### ससुर ने कहा- मकान पर कब्जा करना चाहते हैं बेटा-बहू

बरेली कार्यालय

- कार और दस लाख रुपये मांगने और मारपीट करने का आरोप
- चार साल पहले परिवार से बगावत करके की थी अंतर्जातीय शादी

**अमृत विचार :** चार साल पहले परिवार से बगावत कर अंतर्जातीय प्रेमविवाह करके चर्चा में आई साक्षी मिश्रा ने अब अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। बुधवार को पति के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची साक्षी ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनके ससुराल वाले उनसे दस लाख रुपये और कार की मांग कर रहे हैं। उनसे मारपीट भी की गई है, इससे वह सदमे में हैं। उधर, साक्षी के ससुर का कहना है कि उनके बेटे-बहू पूरे मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्हें दबाव में लेने के लिए फर्जी आरोप लगाए गए हैं।

एक वरिष्ठ नेता की बेटी साक्षी मिश्रा के चार साल पहले अनुसूचित जाति के अजितेश के साथ प्रेमविवाह करना आरोप-प्रत्यारोप की वजह से देश भर में काफी चर्चा में रहा था। काफी समय तक साक्षी टीवी मीडिया में छाई रही थीं। अब उन्होंने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर अपने ससुर, सौतेली सास, ननद, जेठ और जेठानी समेत सभी ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। साक्षी के मुताबिक ससुराल वाले काफी समय से दहेज में कार और 10 लाख रुपये लाने की मांग करते हुए उन्हें परेशान कर रहे हैं।

प्रार्थनापत्र में कहा गया है कि जब उनका प्रसव होने वाला था, तब भी उन्हें परेशान किया गया। 18 फरवरी को उसके सुरक्षाकर्मी खाना खाने गए थे तो मौके का फायदा उठाकर ससुराल वालों ने दहेज लाने के लिए दबाव डाला और इन्कार करने पर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने 19 फरवरी को थाना इज्जतनगर थाने में तहरीर भी दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की।

### ससुर बोले, हम पहले ही कर चुके हैं शिकायत

साक्षी मिश्रा के ससुर हरीश नायक ने बताया कि उनका बेटा अजितेश पत्नी के साथ पूरे परिवार को परेशान कर रहा है। वह उनके खर्च पर रह रहा है, फिर भी मकान को लेकर विवाद खड़े कर रहा है। ऐसा ही व्यवहार अपने पिता के साथ किया था। उन्हें तो उनके प्रेमविवाह के बारे में भी पता नहीं था।

# बाइक फिसलने से किशोर की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- साथी के साथ बाइक चलाना सीख रहा था किशोर

**अमृत विचार :** लगातार जागरुकता अभियान चलाए जाने के बाद भी सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही है। रोजाना हादसों में लोग जान गंवा रहे हैं। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में बाइक फिसलने से दो किशोर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बाइक चला रहे किशोर के सिर में गंभीर चोट आ गई। मौके पर पहुंचे परिजन गंभीर देख उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

हादसा बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे हुआ। थाना फूलबेहड़ के गांव दाउदपुर निवासी अनंगपाल का विजलेश (16) बाइक चलाना सीख रहा था। बाइक पर उसके परिवार का ही शिशुपाल (15) भी सवार था। लखीमपुर-पलिया हाईवे पर दाउदपुर क्रेशर के पास बाइक अनियंत्रित होकर अचानक हाईवे पर फिसल कर गिर गई। इससे दोनों बाइक के नीचे दब गए। यह देख क्रेशर के पास मौजूद लोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचे और बाइक सीधी कर दोनों घायलों को बाहर निकाला।

हादसे की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर पुलिस और परिजन पहुंच गए। परिजन सिर में गंभीर चोट आने के कारण घायल विजलेश को जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में विजलेश की मौत हो गई। घायल शिशुपाल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत भी गंभीर बताई जाती है। चौकी प्रभारी सुंदरवल कंचन सिंह ने बताया कि बच्चे बाइक चलाना सीख रहे थे। बाइक फिसलने से गिरकर दोनों घायल हो गए थे। जिन्हें अस्पताल भिजवा दिया गया था। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# डीजे की दुकान से शटर तोड़कर हजारों की चोरी

**संसारपुर, अमृत विचारः** थाना मैलानी क्षेत्र के गांव भरिगंवा चौराहे पर मंगलवार रात चोरों ने डीजे की दुकान को अपना निशाना बनाया। पीड़ित दुकान स्वामी धनपाल पुत्र ठाकुर प्रसाद ने बताया कि वह शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। रात 12 बजे के बाद चौकी प्रभारी संसारपुर द्वारा फोन पर सूचना मिली कि दुकान का आधा शटर खुला है। वह दुकान पर पहुंचे और शटर खुला तथा लॉक टूटे देख उसके होश उड़ गए। दुकान के अंदर देखा तो एक स्टेबलाइजर 500 वाट, एक एमप्लीफायर 4500 वाट, एक एमप्लीफायर स्टेंजर 500 वाट, माइक मिक्सर, डीजे मिक्सर, दो डीजे लाइट, चार यूनिट, छह माइक, लीड तार तथा सामान से भरा हुआ एक बैग दुकान से गायब हैं। चोरी गए सामान की कीमत 80 हजार रुपये है। चौकी इंचार्ज ने मौका मुआयना कर चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# पांच हजार की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को रंगेहाथ पकड़ा
- शस्त्र लाइसेंस की रिपोर्ट लगाने के नाम पर मांग रहा था 20,000

**अमृत विचार:** सरकार की सख्ती के बाद भी सरकारी विभागों में रिश्वत मांगने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। आए दिन अलग-अलग विभागों में रिश्वतखोरी के मामले सामने आ रहे है। एंटी करप्शन की टीम ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक दरोगा को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दरोगा शस्त्र लाइसेंस की रिपोर्ट लगाने के नाम पर पीड़ित से 20,000 रुपये की रिश्वत मांग रहा था।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र गांव विशनपुर भीमारेठ निवासी निजार खान ने शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन कर रखा हैं। जिसकी रिपोर्ट अगवानपुर चौकी पर तैनात दरोगा महेश कुमार को लगानी थी। रिपोर्ट लगाने के लिए दरोगा महेश कुमार तीन माह से चौकी के चक्कर कटवा रहे थे। महेश कुमार ने उससे रिपोर्ट लगवाने के नाम पर 20 हजार रुपए की डिमांड की। जिसमें तय हुआ कि पांच हजार पहले और 15 हजार रिपोर्ट लगाने के बाद दिए जाएंगे। लेकिन, दरोगा को सबक सिखाने के लिए निजार खान ने उसकी शिकायत एंटी करप्शन के सीओ मोहम्मद फाजिल सिद्दीकी से की। उन्होंने जांच की तो आरोप सही पाए गए। जिसके तहत बुधवार दोपहर निजार को दरोगा महेश कुमार ने पांच हजार रुपए लेकर सिविल लाइंस थाने बुलाया। पहले से तैनात एंटी करप्शन टीम ने दरोगा महेश कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। सीओ मोहम्मद फाजिल अहमद ने बताया कि गुरुवार को एंटी करप्शन की टीम आरोपी दरोगा को बरेली स्थित कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजेगी।

# विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम से मिले सफाईकर्मी

संवाददाता, निघासन

- मुख्यमंत्री को संबोधित 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय सफाई कर्मी मजदूर यूनियन निघासन इकाई के के तमाम सफाई कर्मचारी बुधवार को तहसील पहुंचे और एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह से मुलाकात की। उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह के आह्वान पर निघासन इकाई के संरक्षक रामपाल के नेतृत्व में तमाम सफाई कर्मचारी तहसील पहुंचे और एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह से मिले। सफाई कर्मचारियों ने उन्हें को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ठेका प्रथा जैसी गुलामी समाप्त करने, आबादी एवं हेल्थ के अनुसार भर्ती कराने, पृथक आरक्षण, स्याथी करण, राजनैतिक साझेदारी, कृषि के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, बच्चों को तकनीकी शिक्षा दिलाने, लार्ड समिति की सिफारिशों के अनुरूप सेवानिवृत्ति से पूर्व स्वेच्छा से इस्तीफा देने पर उनके आश्रितों का समायोजन करने, आवासीय सुविधा, रोजगार एवं ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, निःशुल्क शिक्षा, दलित अपराधों पर रोक, तकनीकी श्रमिक कामगार के रूप में वर्गीकरण, पुरानी पेंशन बहाली कराने, यूनियन कार्यालय आवंटन सहित 16 मांगे शामिल की गई हैं। इस दौरान नगर अध्यक्ष शक्ति कुमार, कार्यवाहक उपाध्यक्ष राहुल कुमार, विनोद कुमार, अखिलेश, विपिन कुमार सहित तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# कारागार मंत्री ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** चिल्ड्रेन एकेडमी में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी और पेश किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, विशिष्ट अतिथि विधायक अमन गिरि और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

विद्यालय के सांस्कृतिक मंच पर छात्र-छात्राओं द्वारा नाटिका, नृत्य और भांगड़ा प्रस्तुत किए गए। एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन कर विद्यार्थियों ने ऑटोमेटिक फायर एग्जिबिशन, स्मार्ट ब्रिज, हाइड्रोलिक पावर प्लांट, वैक्यूम क्लीनर, ऑटोमेटिक हैंड सेनीटाइजर के मॉडल दिखाए।

मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने प्रदर्शनी और छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों अनुशासित रहने के कारण उन्होंने प्रबंधन की भी प्रशंसा की। संस्था के प्रबंध निदेशक सतीश कुमार गुप्ता और संस्थापक अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने अतिथियों का आभार जताया। प्रबंध निदेशक सतीश गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष सुशील गुप्ता, सविता गुप्ता, प्रधानाचार्य अजय कृष्ण आनंद, सोनिया आनंद, मोहित पाठक, मुनीष अवस्थी आदि मौजूद रहे।



चिल्ड्रेंस एकेडमी में प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही। ● अमृत विचार

# मातृभाषा के प्रति रखें श्रद्धा का भाव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सीजीएन पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाते हुए मातृभाषा के प्रति श्रद्धा का भाव रखने पर जोर दिया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह की अध्यक्षता कार्यक्रम किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को मातृभाषा के प्रति श्रद्धा भाव रखने का संदेश दिया। अपनी भाषा के प्रति लगाव के साथ अन्य भाषाओं को भी सीखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विकास चौरसिया ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के मिटै न हिय को सूल का विचार छात्र/छात्राओं के सम्मुख रखा। कहा कि सुख, शांति, संपन्नता और समृद्धि की भाषा कोई हो सकती है, लेकिन दुःख और पीड़ा अपनी मातृ-भाषा में ही प्रकट होती है। सुनील गुप्ता ने मातृभाषा का इतिहास दिवस मनाने का महत्व बताया। 1999 में यूनेस्को ने मातृभाषा दिवस की मान्यता प्रदान की। डॉ. मंजू शुक्ला ने न्यायालयों में मातृभाषा में बहस और फैसला करने की बात कही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने काव्य पाठ, भाषण आदि प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. विकास चौरसिया ने किया। छात्रा नेहा पांडे ने आभार व्यक्त किया।



सीजीएन पीजी कॉलेज की गोष्ठी में बोलते प्राचार्य।

# मेडिकल में अवैध वसूली पर लिपिक को हटाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक लिपिक के द्वारा मेडिकोलीगल और आयु प्रमाण पत्र में अवैध वसूली की शिकायतों पर सीएमओ ने संज्ञान लेते हुए आयु प्रमाण पत्र जारी करने वाले लिपिक को तत्काल प्रभाव से पटल से हटा दिया है। उनके स्थान पर अन्य दूसरे लिपिक को कम सौंपा है। अवैध वसूली के मामले की जांच के भी निर्देश दिए हैं। सीएमओ कार्यालय में कार्यरत लिपिक मोहम्मद इरशाद लंबे अरसे से स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य, चिकित्सा, मेडिकल और आयु प्रमाण पत्र का पटल संभाल रहे थे। पूर्व में कुछ लोगों के द्वारा लिपिक पर प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने संज्ञान लेते हुए मोहम्मद इरशाद को इस पटल से हटा दिया है। साथ ही उनके स्थान पर दूसरे लिपिक शाहिद को कार्यभार सौंपा है।

# सांसद डॉ. बर्क को देखने अस्पताल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव महानगर के कांठ रोड स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती सम्भल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को देखने पहुंचे। उनके पौत्र कुंदरकी विधायक जियाउर रहमान बर्क और परिवार के अन्य सदस्यों से सांसद के स्वास्थ्य का हाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश व प्रदेश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के किसी भी कोने से आप जानकारी कर लें, हर नौजवान कह रहा है कि पेपर लीक हुआ है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के सवाल पर कहा कि हर हाल में गठबंधन होगा। सीटों को लेकर कोई विरोध नहीं है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर तंज कसा। कहा कि आपने देखा कि सीसीटीवी कैमरे के सामने बैलेट की लूट हो गई। जो लोकतंत्र में बैलेट लूट रहे है, उनसे बड़ा लुटेरा कौन हो सकता है। जनता इस बार भाजपा को सबक सिखाएगी। इस दौरान मुरादाबाद के सांसद डॉ. एसटी हसन, कांठ विधायक कमाल अख्तर, देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी, असमोली की विधायक पिंकी यादव, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, जिलाध्यक्ष डीपी यादव मौजूद रहे।



मुरादाबाद में कांठ रोड पर निजी अस्पताल में भर्ती सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का हाल जानते समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की परियोजनाओं की समीक्षा की

मुरादाबाद कार्यालय

- संरक्षा, संपत्ति रख-रखाव, संचालन में चुनौतियों पर बल दिया
- स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने दिल्ली स्थित अपने कार्यालय से विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) रेलवे के कार्य (प्रगति) की समीक्षा की। संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए और पटरियों, रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिक ओवर-हेड तारों, उपकरणों आदि के बेहतर रखरखाव का सुझाव दिया। कहा, कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएं। मानवीय त्रुटि कम करने के लिए सिस्टम के कामकाज की जानकारी, त्रुटिहीन सेवा के साथ ड्यूटी सही तरीके से करें। उन्होंने यात्री सुविधाओं में वृद्धि और जारी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रेलवे संरक्षा के साथ-साथ सड़क उपयोगकर्ताओं की संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरओबी/आरयूबी को समय से पूरा किया जाये, जहां भी जरूरत हो, वहां वन विभाग से पेड़ काटने की मंजूरी में तेजी लाकर परियोजनाएं समय से पूरी की जाएं ताकि, इनसे पटरियों या ओएचई तारों को खतरा न हो। ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही के लिए पटरियों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रिले और पैनल रूम में संरक्षा पर ध्यान देने पर भी जोर दिया। कहा, ट्रेन संचालन में मानवीय विफलता को कम करने पर हमारा जोर होना चाहिए। विभाग प्रमुख और डीआरएम समय पालन बनाए रखें और माल लदान में तेजी सुनिश्चित हो। अवैध रूप से रेलवे लाइनपार करने वाले लोगों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाये।

# सिकिल सेल बीमारी के प्रति लोगों को किया जागरूक

**पलिया कलां, अमृत विचारः** थारू जनजाति में पाई जाने वाली प्रमुख बीमारी सिकिल सेल और एनीमिया के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए भारत-नेपाल सीमावर्ती गांव बनकटी में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवा दी गई।शिविर एसपी गणेश प्रसाद साहा की पत्नी डॉ. कोमल साहा की देखरेख में लगाया गया। शिविर में थारू जनजाति पुरुषों, महिलाओं व बच्चों के खून की जांच की गई। जांच के बाद दवाइयों का वितरण किया गया। डॉ. कोमल साहा ने बताया कि सिकिल सेल की बीमारी नेपाल सीमा पर रहने वाले लगभग 80 हजार थारू जनजाति के लोगों में प्रमुखता से पाई जाती है। इसका समय पर इलाज जरूरी है। सही इलाज न होने पर रोगी को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### लोहिया वाहिनी के नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष का स्वागत



**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यश मोहन पटेल के प्रथम आगमन पर सीतापुर फोरलेन पर स्थित एक ढाबे पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए सपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला संकटा देवी पहुंचा। देवी के दर्शन के बाद लोहिया भवन पहुंचा। लोहिया भवन पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यशमोहन पटेल ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के खीरी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से जिताएंगे। पूर्व विधायक सुनील लाला, रामसरन, पूर्व एमएलसी शशांक यादव के नेतृत्व में लोहिया भवन पर जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, अनुराग पटेल, अंसार महलूद ने स्वागत किया। इस दौरान महिला सभा अध्यक्ष प्रख्याति खरे, मोगम्मद अफजाल खां, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष अमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

### अब यू विन पोर्टल से होगा गर्भवती महिला व बच्चों का टीकाकरण

**पीलीभीत।** जिस प्रकार कोरोना वैक्सीन लगवाने के बाद सभी डोज का रिकॉर्ड ऑनलाइन हो जाता था, उसी तर्ज पर अब गर्भवती महिलाओं और बच्चों के नियमित टीकाकरण का रिकॉर्ड भी ऑनलाइन दर्ज होगा। इसके लिए शासन ने अब स्वास्थ्य विभाग में होने वाले टीकाकरण के लिए यू-विन पोर्टल की शुरुआत की है। अब आधार कार्ड नंबर से ही पता चल जाएगा कि गर्भवती महिला और बच्चे का अब तक कौन-कौन सा टीकाकरण हो चुका है। अभी तक रिकॉर्ड ऑनलाइन नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं व बच्चों का पूरी तरह से टीकाकरण नहीं हो पाता था इस पोर्टल के आने से सभी को मदद मिलेगी। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि यू-विन पोर्टल पर अब हर बच्चे और गर्भवती महिला को नियमित रूप से लगने वाले टीकाकरण का रिकॉर्ड दर्ज करना होगा। देश के कई राज्यों में सफल प्रयोग के बाद उत्तर प्रदेश में भी नियमित टीकाकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल ''यू-विन'' के इस्तेमाल पर सहमति बन गई है। नियमित टीकाकरण महाप्रबंधक मनोज कुमार शुक्ल ने यू-विन पोर्टल का प्रयोग करने के बाबत घोषणा की है।

# बुजुर्गों की गरिमा गिरने दोगे तो संस्कारी कौन कहेगा

## मंगलवार को सपा के प्रत्याशी बदलने के बाद बुधवार को पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने सम्मेलन को किया संबोधित

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की। जिसमें पूर्व सांसद व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव की बजाय चाचा शिवपाल सिंह को बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। जिसके बाद पूर्व सांसद ने बुधवार को बिसौली क्षेत्र में आयोजित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निराशा छोड़कर सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कमर कस लें। बुजुर्गों की गरिमा को गिरने दोगे तो लड़कों को संस्कारी कौन कहेगा।

बदायूं लोकसभा से टिकट कटने के बाद भी पूर्व सांसद लोगों के बीच गए। बिसौली क्षेत्र में आंवला रोड पर संविधान बचाओ पीडीए सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निराशा छोड़कर सपा प्रत्याशी को जिताने का काम करें। कमर कस लें। कहा कि अगर घर के बड़े लोग चुनाव मैदान में आएंगे तो क्या उनकी गरिमा गिरने दोगे। प्रत्याशी कोई भी हो सकता है। यह चुनाव धर्मेंद्र यादव या शिवपाल सिंह चाचा लड़ें। समाजवादी पार्टी को जीत दिलाना ही मकसद होना चाहिए। निराश और उदास होने की जरूरत नहीं है। चाचा को टिकट देना पार्टी का फैसला है तो उसका उद्देश्य जीत ही होना चाहिए। बदायूं की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया वह हमेशा याद रखेंगे।

समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि आमदनी दोगुनी करने का लालच देकर मोदी सरकार ने किसानों को ठगा है। आज जब संविधान ही खतरे में है तो आम जनता की पीड़ा कौन सुनेगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में आक्रोशित किसान और बेरोजगार युवा मोदी सरकार को उखाड़ फेंक देंगे। बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने कहा कि जनता परिवर्तन का पूरा मूड बनाए बैठी है। पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव, मनोहर सिंह यादव, शब्बीर खान, आस मोहम्मद आदि नेता मौजूद रहे।



सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव।

### रात भर पूर्व सांसद के आवास पर लगा रहा हुजूम

मंगलवार को सपा के बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी बदलने के बाद पूर्व सांसद के समर्थकों में निराशा है। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रात भर सैकड़ों लोगों का हुजूम पूर्व सांसद के आवास पर रुका रहा। पूर्व सांसद से बदायूं लोकसभा सीट से न जाने का निवेदन किया। गुस्साए लोगों ने नारे लगाए। कहा कि धर्मेंद्र यादव नहीं तो कोई नहीं। पूर्व सांसद ने उन्हें समझाया और पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। रात भर लोगों के साथ बैठकर बात करने के बाद पूर्व सांसद ने सम्मेलन को संबोधित किया।

## खेत में नीलगाय जाने पर दो पक्षों में हुआ विवाद, रिपोर्ट दर्ज

**जसराना, अमृत विचार:** थाना जसराना के गांव मौहम्मदपुर में खेत में नीलगाय जाने को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान धारदार हथियार चलने से एक पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया है। सनी कुमार निवासी मौहम्मदपुर थाना जसराना ने सोनू, अनुज, बबलू निवासी मौहम्मदपुर, राधेश्याम निवासी खेरिया अहमद पर स्वयं, भाई एवं भतीजे की पिटाई करने का आरोप लगाया है। पीडित का कहना है कि आरोपियों ने उसके खेत में नीलगाय भेज दी थी जिसका विरोध करने पर हमला किया गया है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने कहा कार्रवाई की जा रही है।

### नहर में मिला युवती का शव, फैली सनसनी

**फिरोजाबाद।** थाना एका क्षेत्र के गांव जोधपुर के निकट बुधवार सुबह नहर में एक युवती का शव मिलने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।गांव जोधपुर के निकट बुधवार सुबह ग्रामीणों ने एक युवती का शव नहर में पड़ा देखा। मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रम्पुरा तख्त, वि.खं. फरीदपुर, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रम्पुरा तख्त में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत् है :- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेन्ट, रेता व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु० लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | रम्पुरिया में बासुदेव के घर से सत्यप्रिय के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 3.98 लाख |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस पर देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी

**कार्यालय नगर निगम शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 392//नि.वि./2024 — दिनांक : 21.02.24

**सामान्य निविदा प्रणाली**

नगर निगम, शाहजहाँपुर की ओर से नगर क्षेत्रान्तर्गत निकाय निधि/राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर होली पर्व से पूर्व वैरिकेटिंग/तिरपाल आदि की परम्परागत तौर पर व्यवस्था हेतु 03 कार्यो की सामान्य निविदा प्रणाली (मैनुअल) के माध्यम से मुहरबंद निविदायें दिनांक 29.02.24 की दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक सायं 4:00 बजे सक्षम अधिकारी/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जाने तथा निविदा प्रपत्र निकाय के रिकार्ड कक्ष से प्रकाशन तिथि से दिनांक 28.02.24 तक क्रय किया जाना प्रस्तावित है। निविदा की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। टेंडर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नगर आयुक्त


### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फिरोजाबाद।** टूंडला क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर एक यात्री की मौत हो गई। वह दिल्ली से बंगाल अपने घर जा रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।पश्चिम बंगाल थाना कुसुमडी के गांव मौलापारा मानिकपुर निवासी एमडी आसिफ पुत्र हुसैन अली दिल्ली स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। वह अपने भाई आरिफ के साथ घर जा रहा था। टूंडला रेलवे स्टेशन पर वह गाड़ी से उतर गया। भाई की मानें तो वह ट्रेन से उतरकर स्टेशन के बाहर आ गया। घूमता हुआ रेलवे लाइन पर पहुंच गया। उसके ट्रेन में वापस न आने पर भाई तथा उसके साथ के अन्य लोग घबरा गए। वह उसकी तलाश में जुट गए। आसिफ ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। काफी तलाश के बाद वह रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### बरात चढ़ने के दौरान हुआ विवाद, पिता-पुत्र को पीटा

**जसराना।** थाना जसराना के गांव नगला किन्नर में बरात चढ़ने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के कारण एक पक्ष के दो लोगों को चोट लग गई। पीडित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। अतुल कुमार निवासी नगला किन्नर थाना जसराना घर के पास आई बरात को देख रहा था। आरोप है कि इसी दौरान उसका रवि, शनि निवासी नगला किन्नर, सनि निवासी नगला हीरे थाना जसराना के साथ विवाद हो गया। आरोपियों ने उसकी पिटाई लगा दी। बचाने आए उसके पिता की पिटाई लगा दी। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बरात से कोई लेना देना नहीं है। गांव के ही दो पक्षों में विवाद हुआ था। कार्रवाई की जा रही है।

## हर बेटी को सशक्त होना चाहिए : कुलपति

संवाददाता, फिरोजाबाद

**अमृत विचार:** आजादी के अमृत काल में नगर के सुप्रसिद्ध एसआरके पीजी कॉलेज में बुधवार को सशक्त नारी सशक्त भारत विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की कुलपति प्रोफेसर आशुरानी और मुख्य वक्ता के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृतिराज (आईएएस) रहीं।

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रॉफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया एवं प्रबंध समिति के सहसचिव डॉ. विनय कुमार गोयल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सेठ कन्हैयालाल गोइन्का के चित्र पर मार्त्यापण कर किया । इसके बाद प्राचार्य द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर आशुरानी ने कहा कि आज के युग में हर बेटी को सशक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कोई अन्य सशक्त नहीं कर सकता बल्कि हम स्वयं अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से सशक्त बन सकते हैं। हर बेटी को पुलिस एवं महिला हेल्पलाइन नंबर तथा रेल रिजर्वेशन नंबर पता होना चाहिए। कुलपति ने कहा कि हमें अपने कौशलता को बढ़ाना होगा और मानसिक सोच में बदलाव तथा आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाना होगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि 21वीं सदी में नारी किसी मायने में पुरुषों से कम नहीं है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहीं देवता भी निवास करते हैं। प्राचार्य ने कहा कि संगोष्ठी सशक्त नारी सशक्त भारत विषय पर है। जिसमें समाज में बदलाव आना आवश्यक है। कार्यक्रम में आये अन्य शिक्षाविदों ने भी अपने विचार रखे। अन्य वक्ताओं में प्राचार्य प्रोफेसर यशोधरा शर्मा, संचेतना महिला डिग्री कॉलेज इटावा की निदेशक डॉ. सीमा यादव,ईशान इंजीनियरिंग कॉलेज फरह.मथुरा की निदेशक मंजरी अग्रवाल,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज की प्राचार्य प्रोफेसर कान्ती शर्मा आदि शिक्षाविदों ने भी शिरकत की।

संचालन प्रोफेसर रश्मि जैन ने किया। इस अवसर पर डॉ.उदारता,रितु शर्मा, डॉ. वन्दना सिंह,डॉ.पूनम तौमर,पंकज भारद्वाज,कविता अग्रवाल,डॉ. लीना बंसल,व्योमेश यादव. नित्य प्रकाश सिंह,डॉ. अमित कुमार शर्मा,डॉ. नवीन कुमार लवानियाँ,सुबोध कुमार आदि का सहयोग रहा ।



आजादी के अमृत काल में सशक्त नारी सशक्त भारत महोत्सव में उपस्थित अतिथि।

## लव जिहाद: तिलक और कलावा बांधकर युवती को फंसाया, गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा

- **दूसरी जगह शादी तय होने पर जान से मारने और वीडियो वायरल करने की दी धमकी**

**अमृत विचार:** आगरा में एक युवती लव जिहाद का शिकार हुई। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र निवासी युवती ने आरोप लगाया है कि गैर समुदाय के एक युवक ने हिंदू बनकर उससे दोस्ती करके उसे प्रेम जाल में फंसाया। जब उसे हकीकत पता चली तो आरोपी युवक ने अपने प्यार का हवाला देकर पूरी जिंदगी साथ देने की कसमें खाईं। युवती की शादी कहीं और तय होने पर उसे जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। युवती की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ट्रांस यमुना फाउंड्री नगर निवासी युवती की चार वर्ष पूर्व टेढ़ी बगिया इस्लाम नगर निवासी युवक जीशान से मुलाकात हुई थी। युवती ने बताया कि जीशान हाथ पर कलावा और माथे पर तिलक लगाकर रोजाना उसका पीछा किया करता था। एक दिन उसने उसे रास्ते में रोककर प्यार का इजहार किया। उस समय जीशान ने उसे अपना नाम दीपक बताया था। जीशान ने उससे दोस्ती की और धीरे धीरे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, तब उसे युवक के मुस्लिम होने की जानकारी हुई। जब युवती ने धोखा देने की बात कहकर उसका विरोध किया, तो युवक ने शादी करने का वादा किया। युवती ने बताया कि चार साल तक युवक ने उसका शारीरिक शोषण किया।

युवती ने बताया कि जब उसके घरवालों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। जब जीशान को पता चला तो उसने युवती से घर से भागने की बात कहकर रुपए मंगाए। युवती का आरोप है कि युवक ने उससे रुपए भी ले लिए और उसके बाद वापस भी नहीं आया। जब युवती को महसूस हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है तो फिर युवती ने अपने परिजनों की मर्जी से शादी के लिए हां कर दी। जब यह बात जीशान को पता चली तो वह उसे जान से मारने और उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़ित युवती ने हिंदूवादी संगठन को पूरे मामले से अवगत कराया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एसीपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि युवती की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक की गिरफ्तारी कर ली गई है।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, फिरोजाबाद

- **घटना के बाद ससुरालीजन हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार:** खैरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कुड़ी में विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मायका पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना खैरगढ़ के गांव कुड़ी निवासी स्वदेश 25 वर्षीय लवी पत्नी का शव बुधवार सुबह घर में ही फंदे से लटका मिला। महिला की मौत के बाद ससुरालीजन शव को घर में ही छोड़कर भाग गये। पड़ोसियों की सूचना पर जनपद इटावा के गांव नगला जुला निवासी मृतका के मायके वाले उसकी ससुराल पहुंचे। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। मृतका के चाचा विनेश कुमार ने बताया कि लवी की शादी 3 वर्ष पूर्व स्वदेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज को लेकर लवी का उत्पीड़न करते आ रहे थे। इसी बीच लवी ने एक पुत्री को जन्म दिया। उनका आरोप है कि ससुरालीजनों ने उसकी गला घोटकर हत्या कर दी और शव फंदे पर लटका कर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संदिग्ध है।


**ब अदालत न्यायालय उपजिलाधिकारी (सदर) बरेली**

**वाद सं.** T202312130103565 **सन् 2023**

लल्तेश गुप्ता बनाम विनोद कुमार आदि

लल्तेश गुप्ता पुत्र स्व. रामभरोसे लाल गुप्ता निवासी 8 सी गांधी नगर तह. व जि. बरेली का हूँ के द्वारा लल्तेश गुप्ता पुत्र स्व. रामभरोसे लाल गुप्ता निवासी 8 सी गांधी नगर तह. व जि. बरेली .....वादी बनाम (अ) विनोद कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी हैदराबाद उर्फ खड़ौआ बरेली (ब) रमेश चन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी हैदराबाद उर्फ खड़ौआ बरेली (स) नवीन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी हैदराबाद उर्फ खड़ौआ बरेली (द) पार्षद/ग्राम प्रधान सरनिया तह. व जि. बरेली.. ...विपक्षीगण

चूंकि मुसम्मी लल्तेश गुप्ता ने अपने नाम से एक नालिश धारा 24 ग्राम सरनिया तह. व जि. बरेली का वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि तारीख 26.02.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो, वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज बतारीख 21.02.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी, सदर, बरेली**

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मो. सलीम खान पुत्र मो. यासीन खान ने अपना एक किता प्लाट रकबई 51.36 वर्ग मी. बाकै पीर बहोड़ा खसरा नं. 387 व 389 में से पर. तह. व जिला बरेली जिसको इन्होंने इकरारी नन्हें उर्फ मोहम्मद इरफान पुत्र इसराईल अहमद मुख्तारेआम अब्दुल शहीद पुत्र अब्दुल हमीद से बजरिये बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 18.12.2020 वही नं.-1 जिल्द संख्या-12851 पृष्ठ संख्या-359 से 384 क्रमांक 12416 स.र. बरेली में हुई क्रय किया गया था। उल्लेखनीय है कि दिनांक 18.11.2020 को ही उक्त श्री अब्दुल शहीद पुत्र अब्दुल हमीद खां ने अपनी एक किता आराजी के बाबत एक रजिस्ट्रीशुदा इकरारनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 18.11.2020 वही नं.-1 जिल्द संख्या- 12743 पृष्ठ संख्या-53 से 86 क्रमांक 10865 स.र. बरेली में हुई थी श्री हरीश कुमार पुत्र श्री पातीराम के पक्ष में निष्पादित किया गया था जिसमें आराजी रकबई 478 0.0478 है. वाकै पीर बहोड़ा खसरा नं. 387 व 389 में से पर. तह. व जिला बरेली में से विक्रय करना तय करना पाया था, अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज, एडवोकेट**

**कार्यालय चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली।**

**(सूचीबद्ध अधिवक्ता)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बबूरा बबूरी, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत बबूरा बबूरी की कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त आयोग व पंचम वित आयोग ग्राम निधि/मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | बबूरी में दिनेश के घर से विन्द्रावन क घर तक नाला व सी.सी. निर्माण कार्य | 45 मी. | 2,20,984/- |
| 2. | बबूरी में छविनाथ के घर से हजारी लाल के घर तक नाली व सी.सी. निर्माण कार्य | 80 मी. | 2,85,515/- |
| 3. | बबूरी में रामचन्द्र के घर से हजारी लाल के घर तक नाली व सी.सी. निर्माण कार्य | 97 मी. | 3,48,738/- |

उक्त सभी कार्य कराने हेतु इच्छुक ठेकेदार साम्रगी की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 24.02.2024 अपरान्ह 12 बजे तक तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

गंगा सिंह (ग्राम प्रधान) — शैलेन्द्र गंगवार (रोजगार सेवक) — उमेश गंगवार (सचिव)


## कई क्षेत्रों में सक्रिय हैं नमक मंडी जैसे गैस चैंबर

संवाददाता, आगरा

- **मंगलवार को चांदी सफाई के प्लांट में गैस रिसाव होने से दो कारीगरों की चली गई थी जान**

**अमृत विचार:** आगरा के कोतवाली थाना क्षेत्र के नमक की मंडी सर्राफा बाजार में मंगलवार रात को चांदी सफाई के प्लांट में गैस रिसाव होने से दो कारीगरों की जान चली गई और एक कारीगर की हालत गंभीर है। इस हादसे के बाद कुछ सवाल खड़े हो गए हैं। जैसे की किन मानकों के तहत घनी आबादी वाले और संकरे क्षेत्रों में इस तरह के प्लांट चल रहे हैं। मंडी स्तिथ जिस प्लांट में हादसा हुआ वहां कोई खिड़की या वेंटिलेशर होने की वजह से कमरा गैस चैंबर में तब्दील हो गया। जहरीली गैस की वजह से दो कारीगरों आकाश और रवि की जान चली गई।

कोतवाली थाना क्षेत्र के नमक की मंडी में पांच मंजिला महल शॉपिंग कांप्लेक्स बना हुआ है, जिसमें सौ से अधिक दुकानें हैं। यह क्षेत्र इतना घना बसा हुआ है कि सूरज की रोशनी तक इन दुकानों तक नहीं पहुंचती है। ज्यादातर दुकानों में खिड़की और जंगले भी नहीं हैं। दुकानों में चांदी से बनी चीजों की ऑनलाइन ट्रेडिंग के अलावा थोक व फुटकर काम होता है। सुबह बाजार खुलने से लेकर शाम को बंद होने तक काम्प्लैक्स में तीन-चार सौ लोग रहते हैं। कांप्लेक्स में दर्जनों चांदी की सफाई के प्लांट चल रहे हैं। इन प्लांट में खिड़की-जंगला न होने से जहरीली गैस का रिसाव होने पर वह गैस चैंबर में बदल जाते हैं।

काम्प्लैक्स से बाहर निकलने के लिए एक ही रास्ता है। व्यापारियों का कहना था कि गैस ने पूरे काम्प्लैक्स को अपने प्रभाव में ले लिया था। यदि वह समय रहते बाहर नहीं भागते तो जान पर बन आती। महल काम्प्लैक्स में चार वर्ष पहले भी आग लग चुकी है।



तंग गलियों में चल रहे हैं प्लांट। ● अमृत विचार

### आपात स्थिति में बचाव के नहीं हैं इंतजाम

सर्राफा बाजार की तरह ही शहर के घनी आबादी वाले कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां इसी तरह के चांदी सफाई के प्लांट संकरी गलियों में चल रहे हैं। इनमें आग से बचने के सुरक्षा उपाय तो दूर की बात, आपातकालीन स्तिथि में बचकर निकलने तक के लिए कोई उचित उपाय नहीं है। इन प्लांट में जिन कैमिकल का प्रयोग होता है, उनसे जहरीली गैस बनती है। सभी प्लांट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जानकारी के बिना चल रहे हैं। हालांकि पहले भी कई बार लोगों द्वारा शिकायत की जा चुकी है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कि गई। इन बिल्डिंगों का नक्शा पास करने से लेकर, अग्निशमन विभाग सहित दर्जनों विभागों की एनओसी होना जरूरी है, लेकिन इन सब मानकों को ताक पर रखकर इस तरह के प्लांट चल रहे हैं जो कभी भी किसी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं।

### दुकान में घुसा चोर सीसीटीवी कैमरे तोड़े

**आगरा, अमृत विचार :** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में देर रात एक चोर परचूनी की दुकान में घुस गया। चोर ने पहले दुकान के सीसीटीवी को पत्थर से तोड़ा और उसके बाद चोरी करने में जुट गया, लेकिन दुकानदार के घर में आहट होने की वजह से चोर फरार हो गया। यह पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया।अज्ञात चोर रात को दुकान के पास पहुंचा और घुसने की कोशिश करने लगा। जब कुत्ते भोंकने लगे तो वह वापस लौट गया। दो मिनट बाद वह कर फिर वापस आया और दुकान के अंदर घुस गया। सबसे पहले उसने दुकान के अंदर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को पत्थर से तोड़ दिया और उसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम देने लगा, लेकिन अचानक से कुछ आहट सुनाई दी तो चोर को लगा कि कोई आ रहा है। जिसके बाद वह दबे पांव दुकान से निकलकर भाग गया। दुकान मालिक जब सुबह दुकान खोलने आया तो उसने सीसीटीवी कैमरे को टूटा हुआ देखा। थाना प्रभारी ट्रांस यमुना सुमनेश विकल का कहना है कि थाने पर इस तरह की कोई भी शिकायत नहीं आई है। अगर शिकायत आएगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद बदायूँ**

पत्रांक : समग्र शिक्षा/फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट/0958/2022-23 दिनांक : 21 फरवरी 2024

**फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेन्ट क्रय हेतु निविदा/विज्ञप्ति सूचना**

वर्ष 2023-24 हेतु जनपद बदायूँ में संचालित उच्चीकृत 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में नवीन फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट क्रय हेतु जेम पोर्टल पर बिड-GEM/2024/B4626943 दिनांक 20.02.2024 द्वारा निविदाएं दिनांक 01.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

**(स्वाती भारती)**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूँ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम पंचायत वजीर नगर वि.ख. बांकेगंज (खीरी)**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वजीर नगर विकास खण्ड बांकेगंज-खीरी में मनरेगा योजनान्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. रूप चन्द के मकान से केशव राम के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण | 75 मी. | 358055.00 | मनरेगा |
| 2. | शिव पूजन के घर से ठाकुर के घर तक इण्टरलॉक निर्माण | 70 मी. | 335129.00 | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी की ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, बालू, इण्टरलॉक ईट एवं अन्य निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 22.02.2024 से 28.02.2024 तक दोपहर 02:00 बजे तक जमा कर सकते हैं तथा निविदा दिनांक 28.02.2024 को दोपहर 03:00 बजे गठित समिति के मध्य खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

बृजेश कुमार सविता, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-वजीर नगर — राम सागर, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-वजीर नगर

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर, वि.क्षे. क्यारा, जिला बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जि.बे. शिक्षा अधिकारी के पत्र सं. एस.एस.ए. निर्माण 4600-05/2023-24 दि. 15.12.2023 के अनुक्रम में परिषदीय प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा के जर्जर भवन की नीलामी हेतु

| विद्यालय का नाम | भवन की धनराशि | न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर धनराशि | नीलामी की दिनांक | नीलामी न होने की स्थिति में द्वितीय नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रा.वि. हैवतपुर | जर्जर | 1,51,542.12 | 15154 | 23.02.2024 | 25.02.2024 |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें :-** 1. नीलामी हेतु कोई भी व्यक्ति या फर्म कॉलम (4) में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है। 2. बोलीदाता का आधार, जी.एस.टी. व पैन नं. अनिवार्य है। 3. अधिकतम बोलीदाता को उसी दिन अथवा अगले कार्यदिवस में बोली की धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करनी होगी। 4. जमा धनरशि की पुष्टि के उपरान्त ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा। 5. निर्धारित समय में धनरशि जमा न होने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी पुन: की जायेगी। 6. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के 7 दिवस के अन्दर जर्जर भवन के मलवा को हटाना होगा। 7. असफल बोलीदाता की धरोहर धनराशि नीलामी के बाद वापस कर दी जायेगी। 8. किसी भी विवाद की स्थित में अन्तिम निर्णय समिति का मान्य होगा।

**हरीश कुमार (अध्यक्ष)**, वि.प्र. समिति, प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा, बरेली — **भगवान सिंह (सचिव) मो. 9548458134**, वि.प्र. समिति, प्रा.वि. हैवतपुर, क्यारा, बरेली

XI-HC-42 — उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश, जबलपुर — Responder No. 8,9

प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)

(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)

अपील क्रमांक PA/972/2023

HEMANT KUMAR DUBEY and other अपीलार्थी

TRIBHUVAN MURARI DUBEY and other प्रत्यर्थी

सन् 2015 के RCS-A क्रमांक 21 सन् 2015 में न्यायालय I Additional District & Session Judge Shri Dinesh Singh Rana Sagar (Madhya Pradesh) की डिग्री/आदेश दिनांक 21-12-2022 के विरूद्ध अपील

PID 17743/2024 R-8 Kirtikar Tripathi S/o Not Mention R/o 11, Chanakyapuri Bareilly Director Bareilly (UTTAR PRADESH) प्रत्यर्थी

PID 17744/2024 R-9 Vasu S/o Kirtikar Tripathi R/o 11 Chanakyapuri, Bareilly Director Bareilly (UTTAR PRADESH) प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक : कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 04.03.2024 नियत की गई है। आपत्तियां प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। R

कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक : कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 04.03.2024 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातें करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक है कि जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

**सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-**

| कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) | पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें | कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 04.03.2024 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें।

आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के कामकाज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो उसके यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा।

अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।

27.01.2024

मुहर — हस्ताक्षर

प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

तामील किए जाने और मूलप्रति दिनांक 04.03.2024 तक सम्यक् रूप से पृष्ठांकित कर वापस लौटाने के लिए श्री Principal District Judge District Sagar (Madhya Pradesh) को अग्रेषित।

आवश्यक आदेशिका फीस उद्गृहीत कर ली गई है। — हस्ताक्षर

प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

FA-DA-6

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे राहुल युवाओं से बोले, जितना चिल्लाना हो चिल्लाओ रोजगार नहीं मिलेगा

# नए भारत के नए राजा-महाराजा आपको जीने नहीं देंगे : राहुल गांधी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** अंबानी, अडानी, टाटा और बिरला जैसे चंद उद्योगपति आज नए भारत के राजा-महाराजा बनकर देश पर राज कर रहे हैं। आपको सताया जा रहा है। आप लोग इनकी कंपनियों में खून-पसीना देते हो, लेकिन नौकरी से आपको ही निकाला जाता है। यह बात बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घंटाघर में एकत्र जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

राहुल गांधी लखनऊ से उन्नाव होते हुए शुक्लागंज पुल के रास्ते यात्रा लेकर सुबह 11.45 बजे कानपुर पहुंचे। घंटाघर में भारत माता मंदिर पर राहुल गांधी ने जैसे ही जनसभा को संबोधित करना शुरू कर दिया, एक कोने में एकत्र कुछ युवाओं ने रोजगार को लेकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जितना चिल्लाना है, चिल्लाओ लेकिन मोदी सरकार में आपको रोजगार नहीं मिलेगा। नौकरी के नाम पर पहले भर्ती निकाली जाती है, फिर पेपर लीक कराए जाते हैं। पिछड़े और दलित लोगों की सबसे ज्यादा भर्ती सेना में होती थी। लेकिन सरकार ने अग्निवीर योजना लागू कर यह रास्ता भी बंद कर दिया है। यह लोग आपको जीने नहीं देंगे।

न्याय यात्रा निकालने की जरूरत बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' थी। उस चार हजार किलोमीटर की कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा के दौरान जब लोगों से देश में नफरत फैलने का कारण पूछा तो लोगों ने सबसे ज्यादा शिकायत न्याय नहीं मिलने की थी। आज पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समाज को मीडिया, पुलिस, ब्यूरोक्रेट, कोर्ट कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। जनसंख्या के लिहाज से पिछड़े 50 फीसदी, दलित 15 फीसदी, अल्पसंख्यक 15 फीसदी और आदिवासी आठ फीसदी हैं। यह आबादी करीब 90 प्रतिशत

- **घंटाघर पर सभा में पिछड़े दलितों अल्पसंख्यकों, आदिवासियों के लिए आबादी के मुताविक हक मांगा**

होने के बावजूद देश की 200 बड़ी कंपनियों में इनकी संख्या जीरो, ब्यूरोक्रेसी में जीरो, मीडिया संस्थानों और न्याय पालिका तक में जीरो है। उन्होंने आबादी के हिसाब से हक मांगा। ऐसे में जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि आपने टीवी पर देखा होगा राम मंदिर में कितने भव्य तरीके से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया, लेकिन क्या कोई पिछड़ा, दलित, आदिवासी वहां देखने को मिला। आदिवासी समाज की राष्ट्रपति को मंदिर में प्रवेश नहीं किया करने दिया गया। मंदिर में सिर्फ मोदी, अंबानी व अडानी जैसे लोगों को ही देखा गया। गरीब, मजदूर, किसान, भूखे-नंगे लोग वहीं कहीं नहीं दिखाई पड़े। इससे पहले भारत जोड़ो न्याय यात्रा सुबह 9:35 बजे लखनऊ से



कानपुर में यात्रा के दौरान लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी। ● अमृत विचार

उन्नाव की सीमा में पहुंची। उन्नाव बाईपास पर सुबह से जमे कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। अकरमपुर में राहुल गांधी ने कुछ देर रुककर कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इसके बाद यात्रा शुक्लागंज होते कानपुर निकल गई। यात्रा मार्ग पर तमाम स्थानों पर कार्यकर्ता फूल-माला लिए खड़े रहे लेकिन काफिला नहीं रुका और राहुल गांधी हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए आगे बढ़ गए।

## राजा भैया को साधने सपा के बाद पहुंचे भाजपा नेता

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का भाव बढ़ा हुआ है। सपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर से पुराने गिले-सिकवे भुलाकर समझौते की कोशिश करने की घटना में 24 घंटे भी नहीं बीते कि भाजपा प्रदेश भूपेंद्र सिंह चौधरी और मंत्री जेपीएस राठौर उनसे मिलने आवास पर पहुंच गए। भाजपा राज्यसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी के दोनों वोट समेत लोकसभा चुनाव में भी समर्थन चाहती है। राजा के लिए भाजपा के दबाव के बाद सपा के साथ जाना मुश्किल माना जा रहा है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मंगलवार को ही कुंडा विधायक राजा भैया से मुलाक़ात की थी। इसके बाद दोनों दलों के गठबंधन को लेकर क़यास तेज़ हो गए। खासकर राज्यसभा चुनाव में सपा का तीसरे प्रत्याशी की जीत नजदीक लग रही थी।

## तय तारीखों पर वकील की गैर-उपस्थिति पेशेवर कदाचार

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाबाद हाईकोर्ट ने विभिन्न आपराधिक मामलों में तय तारीखों पर अधिवक्ताओं के उपस्थित न होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अपने क्लाइंट के लिए अधिवक्ता की गैर-उपस्थिति पेशेवर कदाचार की श्रेणी में आता है। इसे बेंच हंटिंग या फोरम शॉपिंग के समान माना जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने वर्ष 2019 में एक आरोपी द्वारा दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि आवेदक को बिना किसी उचित स्पष्टीकरण के बार-बार न्यायिक कार्यवाही से अनुपस्थित रहकर न्याय की धारा को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अधिवक्ता की गैर-उपस्थिति के लिए किसी ठोस कारण का अभाव कानून की प्रक्रिया का खुला दुरुपयोग है। अंत में कोर्ट ने बताया कि सीआरपीसी की धारा 438 के अनुसार विधायिका ने अग्रिम जमानत आवेदन के निपटारे के लिए 30 दिनों की एक सीमा अवधि तय की है।

# कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के कई कार्यों को सरकार ने दी मंजूरी

### कई जिलों के सड़कों का चौड़ीकरण मंजूर, धन का आवंटन किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने कई जिलों की सड़कों के चौड़ीकरण समेत वाराणसी में मेडिकल कालेज को जमीन देने की मंजूरी दी है। साथ ही महाकुंभ मेला कार्य का पैसा खर्च करने की वित्त विभाग से अनुमति नहीं लेनी होगी। यह निर्णय कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लिए गए हैं।

राज्य कैबिनेट मे प्रदेश के कई जिलों की सड़कों का चौड़ीकरण करने जा रही है। इसके प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी देने के साथ ही धन का आवंटन भी कर दिया गया है। प्रदेश कैबिनेट ने मुजफ्फरपुर, मेरठ व गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग, गंग नहर की दायीं पटरी (चैनेज 51.910 से 163.400 तक) के नवनिर्माण की पुनरीक्षित लागत की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को मंजूर कर दिया। इसके अलावा जिला गोरखपुर में असुरन से मोहद्दीपुर चौराहा चारफाटक मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण होगा।

मथुरा में कोसी-नंदगांव-बरसाना-गोवर्धन-सौरव-मथुरा व मथुरा-राया मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य की पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को भी मंजूरी दी गई है। वाराणसी में नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अधीन मानसिक चिकित्सालय की रिक्त भूमि के अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय को चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी गई।

#### महाकुंभ मेला में खर्च को नहीं लेनी होगी अनुमति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन महाकुंभ मेला में खर्च के लिए वित्त विभाग से अनुमति लेने की बाध्यता को समाप्त कर दिया। महाकुंभ मेला-2025 एक विशिष्ट और समयबद्ध आयोजन है। महाकुंभ के कामों के लिए नगर विकास विभाग को नोडल की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य सरकार ने इस साल 2500 करोड़ रुपये बजट आवंटित किया है। नगर विकास विभाग के पास महाकुंभ के कामों के लिए बजट आवंटन की जिम्मेदारी है। महाकुंभ मेले में होने वाले कामों की अनुमति देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 27 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। महाकुंभ के कामों को तय समय पर कराने के लिए वित्त विभाग से अनुमति की व्यवस्था से मुक्त कर दिया गया है।

## सुरक्षित है फाइलेरिया रोधी दवा, खुद से सेवन करें : पाठक

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बनी है और पूरी तरह सुरक्षित है। दवा जब अपना कार्य शुरू करती है तो कुछ देर के लिए जी मितलाना, सर दर्द या चक्कर आना जैसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक हैं, जो कि कुछ ही देर में स्वतः समाप्त हो जाती हैं, यह दवा के सकरात्मक प्रभाव हैं। इसलिए लोगों को स्वतः दवा मंगाकर सेवन करना चाहिये।

उप मुख्यमंत्री, बुधवार को सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मात्र 10 दिन में एक करोड़ 91 लाख 50 हजार लोगों ने दवा सेवन किया है। यह फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक प्रयास है। इस अभियान में कुल तीन करोड़ 54 लाख 59 हजार 457 लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर दिन अभियान का आंकड़ा ई-कवच पोर्टल पर अवश्य दर्ज कराएं।

## पत्नी के नाम पर खरीदी संपत्ति पर बेटे का समान अधिकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद के एक मामले में अति महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि हिंदू पति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है, उसके नाम पर खरीदी गई संपत्ति पारिवारिक संपत्ति मानी जाएगी।



बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के प्रावधान के अनुसार पति द्वारा अपनी पत्नी या बच्चों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति को बेनामी संपत्ति नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि जब तक यह साबित ना हो जाए कि संपत्ति पत्नी द्वारा अर्जित आय से खरीदी गई थी, तब तक संपत्ति पर पूरे परिवार का अधिकार माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल की पीठ ने मृत पिता की संपत्ति पर स्वामित्व के अधिकार के लिए अपीलकर्ता की अपील को स्वीकार कर विपक्षी के लिए निषेधाज्ञा जारी करते हुए पारित किया। दरअसल मौजूदा मामले में अपीलकर्ता/बेटे ने अपने पिता की संपत्ति के 1/4 हिस्से पर अधिकार के लिए जिला अदालत में दाखिल आवेदन खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में दाखिल अपील में अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि चूंकि संपत्ति उसके मृत पिता ने अपनी आय से खरीद कर मां को उपहार स्वरूप दी थी। अतः मां के साथ-साथ बेटे का भी संपत्ति पर बराबर का अधिकार होगा, क्योंकि इसे मां ने अपनी आय से नहीं खरीदा तो यह उनकी निजी संपत्ति नहीं हुई, इसलिए वह इसे किसी तीसरे पक्ष को हस्तांतरित नहीं कर सकतीं। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि उपहार में दी गई संपत्ति पर पूर्ण अधिकार केवल साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। अंतरिम निषेधाज्ञा मामले का अंतिम निर्णय होने तक यथास्थिति बनाए रखने और संपत्ति को तीसरे पक्ष के अधिकारों के निर्माण से बचाने के लिए आवश्यक है।

## वर्ग पहेली-350

**बाएं से दाएं**

3.1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4.1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7.1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।

8.1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



### वर्ग पहेली - 349 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

# अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का दबाव बना रहे थे दोनों दल

**उप्र. में सपा-कांग्रेस समझौता**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सीटों पर समझौता करके इंडिया गठबंधन की हवा निकलने की बात करने वालों को करारा जवाब दिया है। एक बात तो तय थी कि यह स्थिति जैसे-तैसे बननी थी, बस दोनों ही दल अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का अपने-अपने तरीके से दबाव बना रहे थे, क्योंकि सपा जहां उप्र. में अपने को बड़ा दल मानती है तो वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर।

बात लंबी खिंच रही थी और भ्रम यह फैला कि गठबंधन टूट गया है। एक ओर अखिलेश तेजी के साथ अपने उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बना रहे थे तो वहीं राहुल गांधी निरन्तर अपनी यात्रा में दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यकों के मुद्दे को सपा के पीडीए फार्मूले के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूती से उठा कर सपा को संदेश दे रहे थे। बहरहाल, मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने भी सपा को एक सीट दी है। सपा मप्र. में खजुराहो सीट पर लड़ेगी। सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दिए जाने के अलावा उप्र. में अपने हिस्से की एक सीट आजाद समाज पार्टी को दी है। नगीना सीट पर उसके नेता चंद्रशेखर आजाद का लड़ना पहले से ही बताया जा रहा था। वास्तव में, दोनों दलों के बीच गतिरोध सीट की संख्या से ज्यादा इस पर था कि कांग्रेस को कौन-कौन सी सीट दी जा रही हैं। फिलहाल सपा अब कुछ ऐसी सीट देने पर सहमत हो गई है जिसपर कांग्रेस लड़ना चाहती है। समझौते के तहत सपा ने कांग्रेस को जो सीटें दी हैं उनमें वाराणसी-अमरोहा समेत कुछ पर अपने प्रत्याशी भी उतार दिए हैं। अब सपा अपने प्रत्याशियों को वापस लेगी और कांग्रेस की तरफ से नामों की घोषणा होगी। उधर, कांग्रेस भी दो सीटों समझौता करने पर सहमत हुई है। कांग्रेस ने मुरादाबाद सीट छोड़ दी। वहीं, सीतापुर सीट जहां कांग्रेस को दे दी गई है. वहीं, हाथरस की सीट अब सपा ने वापस ले ली है।

### प्रियंका ने करायी सपा-कांग्रेस की दोस्ती

लखनऊ। कांग्रेस और सपा के समझौते में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की की अहम भूमिका रही। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से उनकी फोन पर हुई बातचीत के बाद सीटों पर निर्णायक सहमति बनी। सूत्रों मुताबिक, प्रियंका ने अखिलेश से कहा कि, अगर वे साथ नहीं लड़ते हैं, तो इससे विपक्षी एकता का खराब संदेश जाएगा। इसके तुरंत बाद अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया आयी और उन्होंने साफ किया कि गठबंधन होगा। सीट बंटवारे को लेकर सपा का कांग्रेस में कोई विवाद नहीं है। अब अखिलेश यादव राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की न्याय यात्रा में भी नजर आएंगे।

### प्रतिक्रिया



जीत एक सौ एक प्रतिशत भाजपा की लोकसभा चुनाव में होगी। दो महीनों का इंतजार करिए सपा के परिणाम सामने होंगे। – **संघमित्रा मौर्य**, भाजपा सांसद (बदायूं)



सपा-कांग्रेस गठबंधन का कोई असर नहीं पड़ेगा। दोनों में तकरार हो या इकरार, वे मिलकर लड़ें या अलग-अलग, भाजपा गठबंधन उप्र. की सभी 80 सीटें जीतेगा। यहां कांग्रेस का खाता नहीं और सपा का जो पिछली बार खाता खुल गया था वो भी बंद हो जाएगा। – **केशव प्रसाद मौर्य**, उप मुख्यमंत्री

## सुडोकू-67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 8 | | | 1 | |
| 5 | | | 1 | | 6 | | 4 | |
| 9 | | | | | 7 | | | 2 |
| | | 8 | 3 | | | | | 6 |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| 4 | | | 6 | | 5 | 7 | | |
| | | | 9 | | 2 | | | 5 |
| | 7 | | | | | | | 3 |
| | 6 | | | 1 | | 2 | | |

### सुडोकू - 66 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 13.21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 16.43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

**मेष** – आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

**वृष** – आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

**कर्क** – आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** – आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या** – आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

**तुला** – आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक** – आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

**धनु** – आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

**मकर** – आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

**मीन** – आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- परदेसी बाबू – सुबह : 10.00
- सीता और गीता – रात : 07.00

**Sony Max**
- बेफ्रिकरे – सुबह : 09.00
- स्ट्रीट डांसर थ्री डी – रात : 07.00

**Sony Pix**
- इट – सुबह : 11.29
- स्पाइडर मैन-2 – रात : 08.45

**Zee Cinema**
- एक : द पावर ऑफ वन – सुबह : 10.30
- टॉयलेट - एक प्रेम कथा – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- खूबसूरत – दोपहर : 12.09
- मद्रास कैफे – रात : 10.28

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज 3940, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

### एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

# ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिअ अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

# महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**बढ़ेगी आय**

- हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण
- 54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर

**अमृत विचार:** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

**अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखी:** पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

**ये होंगे मुख्य कार्य**

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना।
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना।
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना।
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना।
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

**केंद्र की योजना में ये जिले:** बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे
**-दीपा रंजन,** मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,050 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,600-47,800 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,400 |
| चांदी पक्की | 723 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

# भारत का एक अपना मोबाइल ब्रांड विकसित करने की तैयारी में सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हम कर रहे हैं काम



दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि सरकार देश में मोबाइल विनिर्माण की व्यापक सफलता से सीख लेकर एक भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने पर काम कर रही है।

वैष्णव ने भुगतान सेवा प्रदाता फोनपे की तरफ से इंडस ऐप स्टोर को पेश करते हुए कहा कि सरकार बहुत जल्द दो-तीन सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्रों को मंजूरी दे सकती है। इस मौके पर वैष्णव ने कहा कि हम अपना खुद का भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने की दिशा में काम करेंगे। हम देश में संपूर्ण हैंडसेट पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर काम करेंगे। वैष्णव ने कहा कि बड़े पैमाने पर मोबाइल विनिर्माण की हमारी शुरुआती सफलता ने हमें बहुत अच्छी सीख दी है। इसने उद्योग को बहुत आत्मविश्वास दिया है। इसने पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों को भारत आने के लिए प्रोत्साहन दिया है। अगले पांच वर्षों में यह सफर तय किया जाएगा।

## जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

# भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले



जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।



# किसान की मौत के बाद हरियाणा पर भड़के भगवंत मान

## पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा-पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी

चंडीगढ़, एजेंसी



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि वह पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक युवा किसान की मौत से दुखी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। किसान की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। साथही उन्होंने कहा कि वह और उनकी सरकार व पार्टी किसानों के साथ खड़ी है।

संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में बुधवार को पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प के दौरान शुभकरण सिंह (21) नामक एक किसान की मौत हो गई। पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुभकरण सिंह की मौत के साथ ही कुछ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने अपना 'दिल्ली चलो' आंदोलन फिर से शुरू किया और हरियाणा पुलिस ने शंभू तथा खनौरी सीमा पर अवरोधक तोड़ने के प्रयासों को विफल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुभकरण की मौत पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, पंजाब के नौजवान शुभकरण की मौत बेहद दुखदाई है। क्या इसी दिन के लिए हमने आजादी की लड़ाई लड़ी थी कि एक दिन अपने ही देश में हमारे द्वारा चुनी हुई सरकारें हमारे ही बेटों को अंग्रेजों की तरह शहीद कर देंगी? उन्होंने कहा-हम पूरी तरह से शुभकरण के साथ हैं और उनके कातिलों को कड़ी सजा दिलवाएंगे। मान ने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हालांकि उन्होंने खनौरी की घटना के संदर्भ में हरियाणा पुलिस पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि किसान अपनी मांगों को लेकर राजधानी क्यों नहीं जा सकते।

### इतिहास एक दिन किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खनौरी बॉर्डर पर गोलीबारी में एक किसान की मौत की घटना पर बुधवार को दुख जताया और दावा किया कि इतिहास एक दिन भाजपा से किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा। वहीं, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 साल किसानों के लिए "पीठ पर लात और पेट पर लात" की तरह रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

### निर्णायक कदम के लिए संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक 22 को

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा' (एसकेएम) ने किसान की मौत पर शोक व्यक्त किया और आरोप लगाया कि सरकार वर्तमान संकट और हताहतों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। किसान संगठन ने स्थिति पर चर्चा करने और संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के लिए 22 फरवरी को अपनी राष्ट्रीय समन्वय समिति और आम सभा की बैठक (जीबीएम) बुलाई। किसान संगठन ने कहा, उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस की दमनकारी कार्रवाई में लगभग पंद्रह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह किसान परिवारों के लिए रोजी-रोटी अर्जित करने वालों पर उस वक्त किया गया क्रूर हमला है, जब वे प्रधानमंत्री के लिखित वादों का कार्यान्वयन न किए जाने का विरोध कर रहे थे।

# खाने के पैकेट में लंदन भेजा जा रहा था मादक पदार्थ

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

**मफेड्रोन जब्ती मामला**

- शीर्ष अधिकारी ने बताया कूरियर फर्म के माध्यम से की जा रही थी तस्करी

पुणे पुलिस द्वारा मेफेड्रोन की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मामले की जांच से पता चला है कि इस मादक पदार्थ को खाने के पैकेट में छिपाकर दिल्ली की एक कूरियर फर्म के माध्यम से लंदन में तस्करी की जाती थी। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस ने अब तक पुणे और दिल्ली के कुछ स्थानों से लगभग 1,700 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इस सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके संबंधों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ''जारी तलाशी अभियान में, हमारी टीम ने पुणे में 720 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है, जिसमें से लगभग 600 किलोग्राम शहर के बाहरी इलाके में पुणे-सोलापुर रोड पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक उत्पादन इकाई से बरामद किया गया।'' कुमार ने कहा, ''दिल्ली में जारी अभियान में अब तक 970 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया जा चुका है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत 3,000 करोड़ रुपये से 3,500 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।''

उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई बरामदगी में एक कूरियर फर्म का नाम सामने आया है। दिल्ली और पुणे पुलिस ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजधानी के कोटला मुबारकपुर और हौज खास इलाकों में छापेमारी की। कुमार ने कहा, ''हमें पता चला है कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पैकेट में छिपाकर कुछ प्रतिबंधित पदार्थ दिल्ली स्थित एक कूरियर कंपनी के माध्यम से लंदन भेजा गया था।'' उन्होंने कहा कि इस कूरियर कंपनी के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। कुमार ने कहा कि मेफेड्रोन का उत्पादन कुरकुंभ एमआईडीसी स्थित इकाई में किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली और पुणे के अभियान के अलावा, एक और कार्रवाई महाराष्ट्र के सांगली में की जा रही है जहां कुछ मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अब तक, हमने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। मामले के सिलसिले में पुणे पुलिस की कई टीम को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा गया है।'' इस बीच, मामले के दो मुख्य आरोपियों - भीमाजी सबाले (उत्पादन इकाई का मालिक) और युवराज भुजबल (केमिकल इंजीनियर) को एक स्थानीय अदालत ने 29 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## एक नजर

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

**जम्मू।** रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

### बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

**लखीसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

**लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिला:** राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

# गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

# मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

## जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

# अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना



भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा,''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

# जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

## इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी





युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसुफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

# खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ श्रृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस श्रृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस श्रृंखला के लिए अहम रहा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

## खेल डायरी

### शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

### टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज़

**रियो डी जनेरियो।** दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1–1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

### अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

**कार्सन (अमेरिका)।** ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरूआती कोंकाकाफ (उतरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5–0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

### डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिप: भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में



**बुसान (दक्षिण कोरिया)।** हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3–0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3–2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3–0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2–3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3–2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3–1 की आसान जीत से भारत को 2–1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1–3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3–1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3–0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3–0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3–1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

## 4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी



शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाए हैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डू (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले ही लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने जो गेंदबाजी की है, उससे इस श्रृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिए मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

### उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुई: गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की श्रृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

# रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी



● हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में थे 'स्पोर्टिंग पिच'

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

# रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी



युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

# भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।

पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति कथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका (79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे यह लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इरादे से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।

## बॉलीवुड हलचल

### फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज




**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

### आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना



अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन-पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है। अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

### लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के पास हैं।

### नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

### शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) – बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड् से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

### विक्की ने दादा साहब फाल्के अवार्ड भारतीय सेना को किया समर्पित



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

